




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

श्रीकंचनपथ ONLINE visit us http://www.shreekanchanpath.com

वर्ष- 13, अंक - 212 | भिलाई, शुक्रवार 20 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास खबर

### बड़ा हादसाः ट्रक व टैंकर में टक्कर के बाद आग लगी, नौ लोग जिंदा जले

**चंद्रपुर ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से बड़ी दुर्घटना की खबर आई है। चंद्रपुर-मूल रोड पर ट्रक व टैंकर की भिड़ंत के बाद आग लगने से नौ लोग जिंदा जल गए।

मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल है। टैंकर डीजल से भरा था, जबकि ट्रक लकड़ी से लदा था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे चंद्रपुर-मूल रोड पर हुई। चंद्रपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुधीर नंदनवार ने कहा कि चंद्रपुर शहर के अजयपुर के पास डीजल से भरा एक टैंकर लकड़ी के लट्ठों को ले जा रहे ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना के बाद आग लग गई जिसमें नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड**

वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि हादसे के करीब एक घंटे बाद दमकल कर्मी अजयपुर पहुंचे और कुछ घंटों बाद आग पर काबू पा लिया गया। नंदनवर ने बताया कि पीड़ितों के शवों को बाद में चंद्रपुर के अस्पताल ले जाया गया। शवों की शिनाख्ती के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, उड़ान के दौरान अचानक बंद हुआ इंजन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एयर इंडिया के A320neo विमान की मुंबई हवाईअड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। दरअसल, टाटा समूह द्वारा संचालित एयरलाइन का यह विमान उड़ान भरने के बाद मुंबई हवाईअड्डे पर वापस लौट आया, क्योंकि तकनीकी समस्या के कारण इसका एक इंजन हवा में ही बंद हो गया था।

इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि गुरुवार को विमान उड़ान भरने के ठीक 27 मिनट बाद ही हवाईअड्डे पर वापस लौट आया। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि विमान बदलने के बाद यात्रियों को बेंगलुरू के गंतव्य के लिए रवाना किया गया। सूत्रों ने बताया कि विमानन नियामक डीजीसीए इस घटना की जांच कर रहा है। बता दें कि एयर इंडिया के A320neo विमानों में सीएफएम के लीप इंजन लगे होते हैं।

राशन घोटालाः पात्र हितग्राहियों के साथ हो रही धोखाधड़ी

# मई के साथ अप्रैल माह का नहीं दिया जा रहा अतिरिक्त आबंटन का चांवल

## ■ प्रत्येक सदस्य के लिए केंद्र सरकार ने जारी किया है पांच किग्रा चांवल का आबंटन

### ■ लोगों में जानकारी के अभाव का सिंडिकेट बनाकर फायदा उठा रहे दुकानदार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सरकारी राशनकार्ड दुकानों में भ्रष्टाचार चरम पर है। राशनकार्ड धारकों को अप्रैल महीने के अतिरिक्त आबंटन वाला चांवल नहीं दिया जा रहा है। इस पूरे मामले में अधिकारियों की चुप्पी से राशन दुकान संचालकों के साथ मिलीभगत की संभावनाओं को बल मिल रहा है। केन्द्र सरकार ने राशनकार्ड में उल्लेखित प्रत्येक सदस्य के लिए पांच किलो ग्राम चांवल का अतिरिक्त आबंटन जारी किया है। इसकी जानकारी ज्यादातर राशनकार्ड धारकों को नहीं होने का फायदा दुकानदार उठा रहे हैं। इस करतूत को दुकानदारों के द्वारा एक तरह से सिंडिकेट बनाकर अंजाम दिया जा रहा है।

केन्द्र सरकार ने अंत्योदय और प्राथमिकता राशनकार्ड धारकों के लिए अप्रैल महीने के चांवल का अतिरिक्त आबंटन जारी किया है। इस चांवल को मई महीने के लिए जारी कोटे के साथ सभी राशनकार्ड धारकों को प्रदाय किए जाने का निर्देश है। लेकिन दुर्ग जिले सहित अन्य जिलों के सभी निकायों में संचालित सरकारी राशन दुकानों में इस निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। ज्यादातर दुकानदार राशन लेने पहुंच रहे हितग्राहियों को मई के लिए जारी कोटे के हिसाब से चांवल देकर चलता कर रहे हैं। जबकि हितग्राहियों के राशनकार्ड और दुकानों पर रखे गए मशीन में बाकायदा मई के सामान्य व अतिरिक्त आबंटन के साथ ही अप्रैल के अतिरिक्त आबंटन के अनुसार चांवल प्रदाय करना दर्ज किया जा रहा है।

यहां पर यह बताना भी लाजिमी होगा कि दुर्ग जिले में मार्च के महीने में ही सरकारी राशन दुकानों पर अप्रैल के साथ दो महीने का चांवल प्रदाय किया गया है। वहीं मई महीने के कोटे के साथ ही केन्द्र सरकार से जारी अप्रैल का अतिरिक्त आबंटन वाला चांवल सभी पात्रता रखने वाले राशनकार्ड धारकों को दिए जाने का फरमान है। इस बात की जानकारी ज्यादातर राशनकार्ड धारकों को नहीं मिल सकी है। इसी बात का फायदा उठाकर राशन दुकान संचालक सिर्फ मई के महीने का चांवल देकर अप्रैल महीने के लिए अतिरिक्त आबंटन के तहत मिले चांवल को डकारने में लगे हुए हैं। लोगों को यही लग रहा है कि उन्होंने मार्च में ही अप्रैल का भी चांवल उठा लिया है। इसलिए दुकानदार पर भरोसा करते हुए राशनकार्ड धारक मई के कोटे का चांवल लेकर बिना किसी विरोध या शिकायत के लौट रहे हैं।

### दुकानदार अतिरिक्त चांवल देने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे

गौरतलब रहे कि खाद्य विभाग ने मई के महीने में राशनकार्ड धारकों को मिलने वाले चांवल की मात्रा को लेकर एक सूची जारी किया है। इस सूची में अंत्योदय श्रेणी के राशनकार्ड धारकों के लिए मई के सामान्य आबंटन 35 किग्रा के साथ ही अतिरिक्त आबंटन के रूप में प्रत्येक सदस्य के हिसाब से पांच-पांच किग्रा चांवल दिया जाना निर्देशित किया गया है। इसी के साथ अप्रैल महीने के लिए प्रत्येक सदस्य के हिसाब से पांच - पांच किग्रा चांवल दिया जाना उल्लेखित है। इसी तरह प्राथमिकता श्रेणी वाले राशनकार्ड पर भी मई के लिए चांवल का सामान्य व अतिरिक्त आबंटन जारी किया गया है। इसके साथ ही अप्रैल के लिए जारी अतिरिक्त आबंटन के तहत प्रत्येक सदस्य के हिसाब से पांच-पांच किग्रा चांवल दिया जाना चाहिए। लेकिन दुकानदार अप्रैल के अतिरिक्त आबंटन का चांवल राशनकार्ड धारकों को देने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

# मैं यह नहीं कहता हूं कि नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो गया-सीएम बघेल




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में वे बीजापुर पहुंचे। यहां उन्होंने बार फिर से नक्सलवाद को लेकर बात की। बघेल ने कहा कि मैं यह नहीं कहता हूं कि नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो गया। लोग पहले यहां आतंक के साये में जी रहे थे। यह धरती खून से रंग भी गई थी। लेकिन, बहुत से इलाके ऐसे हैं, जो नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकल गए हैं। लोग अब सामान्य जीवन व्यतीत करने लग गए हैं।

### पिछले तीन वर्षों में 'विकास, विश्वास और सुरक्षा' के मंत्र के साथ काम कियाः बघेल

सीएम बघेल ने कहा कि हमने पिछले तीन वर्षों में 'विकास, विश्वास और सुरक्षा' के मंत्र के साथ काम करने का लाभ उठाया है। कई क्षेत्रों में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं और बस्तर में हाट बाजार भी फिर से शुरू हो गए हैं क्योंकि राज्य के कई हिस्सों में नक्सल प्रभाव कम हो गया है।

### बीजापुर के दो गांवों को तोहफा

बता दें कि इससे पहले गुरुवार को सीएम बघेल बीजापुर में नक्सल प्रभावित गांव कुटरू और आवापल्ली पहुंचे थे जहां उन्होंने चौपाल लगाई। फिर एक-एक कर घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। सीएम ने कुटरू में महाविद्यालय, अंग्रेजी माध्यम का स्कूल और सरकारी बैंक खोलने की घोषणा की। इसके बाद सीएम आवापल्ली पहुंचे और वहां भी शिक्षा और स्वास्थ्य को उन्नत बनाने के साथ ही सबसे बड़ी घोषणा नक्सल प्रभावित 14 गांवों में तेजी से बिजली पहुंचाने की घोषणा की।

# ज्ञानवापी में जुमे की नमाज के लिए जुटी भारी भीड़, मस्जिद का गेट किया गया बंद

**वाराणसी ( एजेंसी )।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में आज जुमे की नमाज को लेकर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने पत्र जारी कर नमाजियों से एक गुजारिश की है। कमेटी ने कहा कि जुमा की नमाज के लिए लोग कम तादाद में ज्ञानवापी मस्जिद



आएं। इस अपील का असर खास नहीं पड़ा। बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए ज्ञानवापी पहुंचे। परिसर के अंदर जगह नहीं होने के कारण अब प्रवेश रोक दिया गया है। पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है।

मसाजिद कमेटी की ओर से अपील की गई थी कि वजूखाना सील होने की वजह से अधिक लोगों का मस्जिद में आना उचित नहीं होगा लिहाजा आप सभी अपने मुहल्ले में ही जुमे की नमाज अदा करें। इधर, जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट मोड में हैं। जुमे की नमाज के शुरू होने से लेकर खत्म होने के बाद तक चौकसी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सीआईएसएफ में सिपाही की भर्ती में पकड़ाए 6 मुन्नाभाई

# छत्तीसगढ़ के फर्जी दस्तावेज से उत्तर प्रदेश के युवकों ने दी भर्ती परीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की आरक्षक (जीडी) भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले गैंग का छत्तीसगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। दुर्ग जिले की पुलिस ने 4 अभ्यर्थी और 2 दलालों को गिरफ्तार किया है। सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाला यह गिरोह उत्तर प्रदेश का है। रीजनल ट्रेनिंग सेंटर उतई में आरक्षक भर्ती के दौरान बायोमेट्रिक्स टेस्ट के दौरान फर्जीवाड़ा करते पकड़ाए। आधार व अन्य दस्तावेजों की जांच के दौरान इनका न फोटो मैच हुआ और न ही भोपाल आरआरसी से मिले फिंगर प्रिंट। सभी मुन्नाभाइयों को उतई पुलिस के हवाले किया गया है।

दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव ने खुलासा करते हुए बताया कि पकड़ाने वाले युवकों में एक मध्य प्रदेश के मुरैना का है। वहीं 5 अन्य युवक उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले हैं। सभी ने जीडी आरक्षक भर्ती में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ का निवासी और छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों के नाम पर आधार कार्ड बनवा रखा था। सभी मूल अभ्यर्थी की जगह यह युवक शामिल होने आए थे। चारों युवकों ने फर्जी दस्तावेजों पर लिखित परीक्षा दी और क्वालिफाई कर लिया। उसके बाद फिजिकल के लिए उनकी जगह आगरा के 4 और युवकों को लाया गया था। पुलिस ने आगरा से आए युवकों चंद्रशेखर सिंह, श्यामवीर सिंह, महेंद्र सिंह और अजीत सिंह को पकड़ा है। उनकी निशानदेही पर आगरा के ही मास्टरमाइंड हरिओम दत्त और मुरैना (एमपी) के दुर्गेश सिंह को गिरफ्तार किया है।

### परीक्षा पास कराने का 5-5 लाख में ठेका

पुलिस गिरफ्त में आए इन आरोपियों का मुखिया दुर्गश तोमर मुरैना निवासी है। पुलिस को इसने बताया कि इन लोगों ने 5-5 लाख रुपये में सौदा किया था। जीडी आरक्षक भर्ती परीक्षा अलग-अलग चरणों में होती है। इसमें वे मूल अभ्यर्थी की जगह अपने गिरोह के युवक को भेजते थे। परीक्षा पास कराने का ठेका लिया था। परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले गिरोह के लोग परीक्षा में बैठे थे। परीक्षा पास करने के बाद अब फिजिकल टेस्ट में दूसरे को भेजे थे।

### जांच की गई तब 4 लोग फर्जी निकले

सीआईएसएफ परिसर उतई में बायोमेट्रिक्स के दौरान एक युवक का फिंगर प्रिंट मैच नहीं किया। उसकी फोटो भी गड़बड़ लगी। जब एक-एक अभ्यर्थी की जांच की गई तो कुल 4 लोग फर्जी निकले। इन सभी ने खुद का पता राजनांदगांव जिले का दर्ज कराया था। आधार व निवासी प्रमाण पत्र भी दिया था, लेकिन बायोमेट्रिक्स में पकड़ा गए। फिजिकल परीक्षा से पहले जांच में चारों के फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुए। इसके बाद फोटो व दस्तावेजों की जांच की गई।

# कोरबा स्थित गेवरा माइंस में माफियाओं का खुल्ला खेल, हजारों मजदूर निकाल रहे कोयला

### ■ सीआईएसएफ के जवानों पर आरोप, ग्रामीणों को रास्ते में रोककर पीटा गया

**कोरबा ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ का हसदेव अरण्य एक ओर देश में कोयले की बढ़ती जरूरत से जुड़ा है तो दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और लाखों आदिवासियों की जीविका से भी जुड़ा मामला है। देश के सबसे घने जंगलों में एक छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में माइनिंग के लिए पेड़ काटे जाने पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। हसदेव को बचाने देशभर से आवाज उठ रही है। पेड़ों की कटाई मामले में हाईकोर्ट ने फटकार लगाई थी। वहीं सुप्रीम कोर्ट तक भी मामला पहुंच गया है। नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी ने भी छत्तीसगढ़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। क्षेत्र के आदिवासी पेड़ कटाई का विरोध कर रहे हैं। पेड़ों की रखवाली कर रहे हैं। इस बीच जंगल उजाड़कर खनन की अनुमति, जमीन अधिग्रहण और फिर खदान से कोयला निकालने का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है वहीं सीआईएसएफ के जवानों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं, यहां के लोगों ने जवानों पर उनके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि हम अपने काम से कहीं जा रहे थे। इस दौरान हमें बीच रास्ते में रोककर पीटा गया है।

छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक व हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य आलोक शुक्ला ने ट्विटर एकाउंट पर कोयले से जुड़ा एक पोस्ट किया है, जिसमें एक खदान से लोग कोयला निकाल रहे हैं। आलोक शुक्ला ने ट्विटर हैंडल पर लिखा है- इसमें अधिकतर वो लोग हैं जिन्होंने अपनी जमीन कोयला खनन के लिए दी होगी। राज्य और केंद्र की सरकार ने मिलकर शत-प्रतिशत लोगों को कोयला बेचने का रोजगार दिया है। वीडियो कोरबा जिले के गेवरा कोयला खदान का है। खनन के लिए अपनी जमीन देकर ऐसा विकास ही तो हसदेव के आदिवासी नहीं चाहते।



### एशिया के सबसे बड़े कोल माइंस का नजारा : चौधरी

इसी वीडियो को पूर्व आईएएस और भाजपा नेता ओपी चौधरी ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने ट्विटर हैंडल पर लिखा यह दृश्य है एशिया के सबसे बड़े कोल माइंस का है। छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित गेवरा माइंस में संगठित माफिया राज का खुल्ला खेल रहा है। हजारों मजदूरों और सैकड़ों गाड़ियों से खुल्लम खुल्ला कोयले की चोरी हो रही है। हमारे छत्तीसगढ़ में सब कुछ अति की सीमा को पार चुका है। यह वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें हजारों मजदूर खदान से बोरियों में खुलेआम कोयला निकालकर गाड़ियों में लोड कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर आईजी रतनलाल डांगी द्वारा जांच के आदेश देने की भी चर्चा है। उन्होंने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट प्रभारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

### खदान के सुरक्षा के जिम्मेदारी सीआईएसएफ के हाथों में ही है

इस बीच गुरुवार को सीआईएसएफ के जवान गेवरा माइंस के आसपास के गांव की सड़कों पर गश्त कर रहे थे। भटोरा गांव के पास भी जवान गए थे। बड़ी संख्या में जवान रोड से पैदल मार्च करते आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उन पर मारपीट का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि हम अपने काम से यहां से जा रहे थे। मगर बिना किसी कारण के हमें पीटा गया। हमने उनसे पूछा तो भी हमें नहीं बताया गया।

### नत्थू सिंह के चेहरे के अलावा शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है।

नत्थू सिंह मरकाम नाम के शख्स ने बताया कि वह शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। उस दौरान रोड पर काफी भीड़ थी। मैं भी जब वहां गया तो मुझे भी पीटा गया है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जवानों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है। मारपीट में नत्थू सिंह को शरीर में कई जगह पर चोटें आई हैं। इधर, इस मामले में जवानों से भी बात करने की कोशिश की गई, तब उनसे बातचीत नहीं हो सकी है।

### राज्यपाल अनुसुइया उइके का ट्विटर अकाउंट हैक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके के आधिकारिक ट्विटर हैंडल हैक होने की जानकारी सामने आई है। हैकर्स ने कार कंपनी टेस्ला के मालिक एलन मस्क के एक पोस्ट को टैग कर 17 बार जवाब दिया है। इस पोस्ट में क्रिप्टो करेंसी के समर्थन में पोस्ट किया गया है।

हैकर्स ने जो पोस्ट किया था उसमें लिखा था यह एक बड़ा समाचार है। उसके बाद अगले आधे घंटे तक 15 और बार यही वाक्य बार-बार लिखा गया। बाद में लिखा गया कि यह एक बड़ा दिन है! इसको लेकर राजभवन के अधिकारियों से बात की गई तो उन्हें भी जानकारी नहीं थी। बाद में जांच के बाद हैकिंग की पुष्टि हुई।

### कोयला चोरी मामलाः सीआईएसएफ के जवानों पर आरोप, ग्रामीणों के साथ की गई मारपीट

छत्तीसगढ़ के कोरबा में सीआईएसएफ के जवानों पर गंभीर आरोप लगे हैं। यहां के लोगों ने जवानों पर उनके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि हम अपने काम से कहीं जा रहे थे। इस दौरान हमें बीच रास्ते में रोककर पीटा गया है। मारपीट में एक शख्स घायल भी हुआ है। बताया गया कि ये जवान गुरुवार को खदानों में हो रही चोरी के मद्देनजर आस-पास के गांव में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्होंने मारपीट की है। ऐसे आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। दरअसल, एशिया के सबसे बड़े खदान कहे जाने वाले दीपका-गेवरा माइंस से कोयला चोरी का वीडियो सामने आया है। वीडियो में हजारों की संख्या में ग्रामीण यहां से कोयला चोरी करते नजर आ रहे है। वीडियो आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। वहीं सीआईएसएफकी भूमिका भी सवालों के घेरों में है। इस खदान में सीआईएसएफके पास ही सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान पहुंचे और खुलेआम कोयला लेकर निकल गए थे। इस बिंदू पर भी बिलासपुर रेंज के आईजी ने जांच के आदेश दिए हैं।




## संपादकीय

# भारतीय इस्लाम

भारत में इस्लाम का जो रूप है, उसकी तारीफनई नहीं है। इसी कड़ी में अब संयुक्त अरब अमीरात में एक किताब प्रकाशित हुई है, जिसमें भारतीय इस्लाम या इस्लाम के भारतीयकरण की तारीफ की गई है। विश्व मुस्लिम समुदाय परिषद के तहत प्रकाशित इस पुस्तक में इस्लाम के किसी एक ही रूप को न मानते हुए उसके क्षेत्रीय रूपों को भी स्वीकार करने की बात कही गई है। चूंकि इस्लाम के अरबीकरण की कोशिश नई नहीं है, इसलिए भी भारतीय इस्लाम पर लिखी गई इस किताब धर्मशास्त्र, न्यायशास्त्र और समकालीन परंपरा : इस्लाम का भारतीयकरण  का विशेष स्वागत होना चाहिए। जो लोग या देश आदतन कह देते हैं कि भारत में इस्लाम खतरे में है, उन्हें इस किताब पर जरूर गौर करना चाहिए। इस किताब का प्रकाशन यूएई के उभरते बहुसांस्कृतिक स्वरूप को भी सामने रखता है। यूएई एक उदार समावेशी मुस्लिम बहुल देश के रूप में खुद को खड़ा कर रहा है। भारतीय इस्लाम की तारीफ या स्वीकारोक्ति में ऐसी किताब का आना यूएई और भारत के रिश्तों को और मजबूत बनाने का काम करेगा।

> ऐसी किताब पूरे भारतीय समाज के लिए उपयोगी हो सकती है। भारत ने ज्यादातर इतिहास में अरब की दिशा से आते हमलावरों का सिलसिला ही देखा है, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात से आती यह किताब उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा है।

यूएई की इस मुस्लिम परिषद के विद्वान शोधकर्ता डॉक्टर अब्बास पनक्कल ने उचित ही कहा है कि मात्र अरब संस्कृति को इस्लाम के रूप में बढ़ावा देने और इस्लाम के सिर्फएक स्वरूप को मानने में कई तरह की समस्याएं हैं। अलग-अलग क्षेत्रों व देशों में सक्रिय मुस्लिम विद्वानों की मेहनत से प्रकाशित इस पुस्तक की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। पुस्तक में विद्वानों ने लिखा है कि कैसे इस्लाम हिन्दुस्तानी जमीन पर पहुंचा और वहीं की संस्कृति व कला के साथ घुल-मिल गया। मस्जिदों की वास्तुकला में भी हिन्दुस्तान का असर हुआ। ऐसा अक्सर कह दिया जाता है कि यवन हमलावरों के साथ ही इस्लाम भारत आया था, पर वास्तव में इस्लाम तो उन व्यापारियों के साथ भी आया था, जो न धर्म के आधिकारिक प्रतिनिधि थे और न सरकारी अधिकारी थे। ऐसे में, सहजता के साथ, विशेष रूप से केरल में इस्लाम फैला। सदियों से केरल में इस्लाम का अलग ही रूप है। हां, इधर वहां भी मजहब के अरबीकरण की कोशिश दिखने लगी है, अत: इस किताब की जरूरत और बढ़ गई है। यह पुस्तक एक तरह से यह संदेश देना चाहती है कि अरब का इस्लाम अपनी जगह है और केरल का अपनी जगह। जब हम दुनिया में इस्लाम के विविध रूपों को देखते हैं, तो आश्चर्य नहीं होता। एक खलीफा वाला कट्टर इस्लाम  भी था और एक अतातुर्क वाला आधुनिक इस्लाम भी रहा, और एक भारतीय इस्लाम भी है, जिसके स्वरूप की ज्यादा चर्चा होनी चाहिए।

यह किताब स्वीकार करती है कि ऐसे मुस्लिम शासक भी हुए हैं, जिन्होंने मंदिरों को अनुदान देकर, गोहत्या पर प्रतिबंध लगाकर और हिंदुओं को अहम पदों पर बिठाकर सांस्कृतिक मेल-जोल को बढ़ावा दिया। मुसलमानों ने भी ईसाइयों और यहूदियों की तरह हिंदुओं को अपनापन दिया। कुछ मुस्लिम शासकों ने अपनी मुद्राओं पर देवी लक्ष्मी और नंदी की आकृतियों को भी मंजूर किया। यूएई के अबू धाबी स्थित मुस्लिम परिषद का मानना है कि भारतीय इस्लाम मॉडल दुनिया भर में कई मुस्लिम समुदायों के लिए एक बेहतरीन मिसाल के रूप में कारगर हो सकता है। ऐसी किताब पूरे भारतीय समाज के लिए उपयोगी हो सकती है। भारत ने ज्यादातर इतिहास में अरब की दिशा से आते हमलावरों का सिलसिला ही देखा है, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात से आती यह किताब उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा है।

## एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत भी लागू होगा

कांग्रेस में कूलिंग ऑफ पीरियड का नियम लागू होने के साथ साथ एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत भी लागू होगा। इस नियम से ज्यादा तो नहीं पर दो नेताओं के लिए मुश्किल होगी। रणदीप सुरजेवाला पार्टी महासचिव के नाते कर्नाटक के प्रभारी हैं और कांग्रेस के मीडिया प्रभारी भी हैं। उनका मीडिया प्रभारी का पद पांच साल के बाद कूलिंग ऑफ पीरियड लागू होने के नियम के तहत भी आता है। इसलिए भी कहा जा रहा है कि वे कूलिंग ऑफ या एक व्यक्ति एक पद के नियम के तहत मीडिया प्रभारी का पद छोड़ेंगे। उनके करीबी भी मान रहे हैं कि इससे उनके ऊपर से फोकस हटेगा। अभी मीडिया में ज्यादा दिखने की वजह से पार्टी के बहुत से नेता उनके पीछे पड़े हैं।

एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के नियम का दूसरा शिकार अधीर रंजन चौधरी होंगे। वे लोकसभा में कांग्रेस के नेता हैं और पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष हैं। कांग्रेस उनकी कमान में इस साल का विधानसभा चुनाव लड़ी थी और एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हुई थी।

> हमने इस विषय पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है, देशवासियों के सामने विज़न की स्पष्टता तथा कार्य में पारदर्शिता रखी गयी है एवं सभी के कल्याण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश के नागरिकों द्वारा चुनावी जनादेश लगातार हमारे पक्ष में दिया जा रहा है, जो हमारे कार्यों में उनके विश्वास को परिलक्षित करता है।

श्री हरदीप एस पुरी

# ईंधन की कीमतों के माले में विपक्ष का दोहरा चरित्र



2020 की शुरुआत से, दुनिया भर की सरकारें कोविड-19 महामारी की चपेट में हैं और एक ऐसी उभरती हुई विश्व व्यवस्था के साथ तालमेल बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जिसका निर्माण उनके द्वारा नहीं किया गया है।

भारत सबसे अधिक सहनशील देशों में से एक के रूप में उभरा हैङ्क यह एक वास्तविकता है, जो आईएमएफ के नवीनतम विकास अनुमानों में परिलक्षित होती है, जिसके अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था, वर्ष 2022 के दौरान 3.6 प्रतिशत की वैश्विक दर की तुलना में, 2022-23 में 8.2 प्रतिशत की विकास दर के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होगी।

मोदी सरकार की दूरदर्शी पहलों की सहायता से, भारत महामारी से पैदा हुई सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों को अवसरों में बदलने में सक्षम हुआ। अभूतपूर्व 20 लाख करोड़ रुपये के 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' जैसे नीतिगत निर्णय ने यह सुनिश्चित किया है कि राष्ट्र एक स्थायी और समावेशी आर्थिक सुधार की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दे रही है; टीकाकरण के तहत वैक्सीन की 188 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं (लेख लिखे जाने तक) और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकार राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत 111 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व में कमी और राज्य सरकारों को प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता के बावजूद ऐसा किया गया और यह मोदी सरकार की प्राथमिकताओं से जुड़ी सभी बातों को स्पष्ट कर देता है।

महामारी के दौरान कच्चे तेल की कीमतें कम हुई थीं। यूक्रेन में सैन्य कार्रवाइयों की अस्थिरता के कारण तेल की कीमत में 500 प्रतिशत तक की वृद्धि होने के बावजूद राज्य सरकारों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उच्च स्तर जारी रहा। यह वित्तीय सहायता सरकार द्वारा जिम्मेदार शासन और सहकारी संघवाद की लोकनीति के अनुपालन को दर्शाती है। इन कारकों से भारत पर बोझ काफी बढ़ गया, क्योंकि देश अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है।

विदेशी निर्भरता को दूर करने के लिए, भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमताओं में तेजी से वृद्धि कर रहा है। 6 करोड़ से अधिक देशवासी प्रतिदिन खुदरा दुकानों पर पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं। देश की आर्थिक वृद्धि की गति बढ़ रही है। इसके साथ ही खपत में भी वृद्धि हो रही है। परिणामस्वरूप, मध्य-अवधि के सन्दर्भ में ऊर्जा की प्रति व्यक्ति मांग और भी अधिक होगी और यह तब तक जारी रहेगी, जब तक कि भारत एक हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित नहीं हो जाता। इस पृष्ठभूमि में, यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या शासी निकाय उस दिशा में प्रयास कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय उपभोक्ता पर बोझ कम से कम पड़े।

मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके कार्यकाल के दौरान पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि न्यूनतम हो। अप्रैल 2021 और अप्रैल 2022 के बीच, भारत में पेट्रोल की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (50.6 प्रतिशत), कनाडा (50.7 प्रतिशत), जर्मनी (50 प्रतिशत), यूके (58.9 प्रतिशत) और फ्रांस (33 प्रतिशत) की तुलना में सबसे कम थी। डीजल के लिए भी मूल्य वृद्धि में समान अंतर देखा जा सकता है; भारत में सभी प्रमुख देशों की तुलना में सबसे कम वृद्धि हुई है।

घरेलू मूल्य वृद्धि के ऐतिहासिक विश्लेषण से पता चलता है कि 2014-2022 के दौरान पेट्रोल की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि (77 रुपये प्रति लीटर से 105 रुपये प्रति लीटर) पिछले 42 वर्षों के दौरान तुलनात्मक अवधियों में सबसे कम है। पेट्रोल की कीमत में 2007-14 के दौरान 60 प्रतिशत (48 रुपये से 77 रुपये); 2000-2007 के दौरान 70 प्रतिशत (28 रुपये से 48 रुपये); 1993-2000 के दौरान 55 प्रतिशत (18 रुपये से 28 रुपये); 1986-1993 के दौरान 125 प्रतिशत (8 रुपये से 18 रुपये); 1979-1986 के दौरान 122 प्रतिशत (3.6 रुपये से 8 रुपये) और 1973-79 के दौरान 140 प्रतिशत (1.25 रुपये से 3 रुपये) की वृद्धि दर्ज की गयी थी।

यह भी याद रखना महत्वपूर्ण है कि पेट्रोल की कीमतों को 2010 में और डीजल की कीमतों को 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। इसका अर्थ है, कीमतें बाजार द्वारा निर्धारित की जाती हैं। महामारी के कारण राजस्व घाटे के बावजूद, मोदी सरकार ने नवंबर 2021 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की कमी की।

अधिकांश राज्य सरकारों ने मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती कर कीमत में कमी की, जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु और झारखंड जैसे कांग्रेस-सहयोगी राज्यों ने अत्यधिक उत्पाद शुल्क को जारी रखा। यह जानना दिलचस्प है कि विपक्ष, जो मूल्य वृद्धि का विरोध कर रहा है, पूरे भारत में ईंधन पर वैट की उच्चतम दरों को जारी रखने का विकल्प अपनाये हुए है। नीचे दिए गए आंकड़े इस असमानता को रेखांकित और स्पष्ट करते हैं:

''महाराष्ट्र 26 प्रतिशत + 10.12 रुपये प्रति लीटर, राजस्थान 31 प्रतिशत + 1.5 रुपये प्रति लीटर, केरल 30 प्रतिशत + 1 रुपये प्रति लीटर, आंध्र प्रदेश 31 प्रतिशत + 5 रुपये प्रति लीटर, तेलंगाना 35 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल, 25 प्रतिशत + 13 रुपये प्रति लीटर''

प्रधानमंत्री ने हाल ही में मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि कुछ बीजेपी शासित राज्यों की तुलना में कई विपक्ष शासित राज्य, पेट्रोल पर राज्य द्वारा लगाए गए टैक्स के माध्यम से दोगुना राजस्व प्राप्त करते हैं।

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) जैसे अन्य महत्वपूर्ण पेट्रोलियम उत्पाद पर महाराष्ट्र और दिल्ली द्वारा 25 प्रतिशत तक वैट लगाना जारी है, जबकि बीजेपी शासित गुजरात के अहमदाबाद में, वैट सिर्फ 5 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप हवाई यात्रियों पर असुविधाजनक बोझ पड़ता है। बढ़ी कीमतों का लगभग पूरा बोझ यात्रियों पर डाल दिया जाता है; क्योंकि एटीएफ लागत, एयरलाइन परिचालन लागत के लगभग 40 प्रतिशत तक होती है।

विडंबना यह है कि इनमें से कई राज्यों ने शराब और स्पिरिट पर अपने टैक्स कम करने में कोई देरी नहीं की। नवंबर 2021 में, महाराष्ट्र सरकार ने आयातित शराब पर उत्पाद शुल्क को 300 प्रतिशत से घटाकर 150 प्रतिशत कर दिया। आंध्र प्रदेश में शराब पर वैट 130 प्रतिशत और 190 प्रतिशत के बीच लगाया जा रहा था, जिसे राज्य सरकार ने उसी महीने कम करके 35 प्रतिशत से 60 प्रतिशत के बीच निर्धारित कर दिया। इससे पहले, अप्रैल 2021 में, राजस्थान सरकार ने बीयर पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 34 प्रतिशत से कम करके 31 प्रतिशत कर दिया।

विपक्ष को यह याद रखना चाहिए कि यूपीए सरकार के शासनकाल में 2005-12 के बीच 1.44 लाख करोड़ रुपये मूल्य के दीर्घकालिक तेल बॉन्ड जारी किए गए थे। भारत सरकार पर अब यूपीए-युग के इन तेल बॉन्डों का 3.2 लाख करोड़ रुपये का बोझ है। यूपीए शासन के दौरान लाइसेंस रकबे को रोक दिया गया था, जिससे तेल ईएंडपी का परिचालन बंद हो गया था। वर्षों की अपनी बड़ी विफलताओं, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया है, के बाद मूल्य वृद्धि के बारे में विपक्ष द्वारा शोर-शराबा सर्वथा अनुचित है। इससे भी अधिक दु:खद बात यह है कि भारतीय मीडिया, जिसे विपक्ष के झूठ को उजागर करना चाहिए था, इस झूठे और तथ्यहीन नैरेटिव को समर्थन देकर आगे बढ़ा रहा है।

राष्ट्र-निर्माण के सामूहिक मिशन में पारस्परिकता की अपेक्षा की जाती है।

भारत सरकार ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के उपायों के साथ राज्य सरकारों का समर्थन किया है; जिसमें वित्त आयोग के अनुदान के तहत कर राजस्व का 42 प्रतिशत हिस्सा, शक्ति हस्तांतरण के बाद राजस्व घाटा के लिए अधिक अनुदान और जीएसटी संग्रह का बड़ा हिस्सा शामिल हैं। बजट के तहत राज्य सरकारों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि निर्धारित की गयी है। यह ऋण सुविधा राज्य विकास ऋण (एसडीएल) के माध्यम से राज्य सरकार के उधार को कम करेगी। इसके अलावा, अर्थोपाय अग्रिम राशि (डब्ल्यूएमए) और विशेष आहरण सुविधा (एसडीएफ) के तहत राज्य सरकार न्यूनतम दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस मुद्दे से संबंधित, एक तथ्य यह है कि पिछले आठ वर्षों में ईंधन पर टैक्स के रूप में राज्य सरकारों ने लगभग 15.16 लाख करोड़ रुपये एकत्र किए हैं।

यह आश्चर्यजनक है कि कुछ राज्य सरकारें उपभोक्ताओं को राहत देने की जिम्मेदारी से पीछे हट रहीं हैं। एक ओर, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ईंधन की कीमतों पर झूठी बातें फैला रहा है और दूसरी ओर वे पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क को कम करने से इनकार कर रहे हैं, जो उनके राज्यों में उपभोक्ताओं को अधिक राहत प्रदान करने में योगदान देगा। विपक्ष का यह रवैया दोहरे मापदंड और गुमराह करने वाला है।

सरकार तेल और गैस क्षेत्र की चुनौतियों के प्रति सचेत है और घरेलू क्षमताओं के निर्माण के लिए सोच-समझकर निर्णय ले रही है। हमने इस विषय पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है, देशवासियों के सामने विज़न की स्पष्टता तथा कार्य में पारदर्शिता रखी गयी है एवं सभी के कल्याण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश के नागरिकों द्वारा चुनावी जनादेश लगातार हमारे पक्ष में दिया जा रहा है, जो हमारे कार्यों में उनके विश्वास को परिलक्षित करता है।

**लेखक भारत सरकार के पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।**

# माइक्रोचिप निर्माता चंद देशों में शुमार हो सकता है भारत

एसपी गौड़, पूर्व अधिकारी, भाप्रसे



वाहन उद्योग संगठन सियाम के अनुसार, जनवरी 2021 में 1,53,244 गाड़ियों के मुकाबले इस जनवरी में केवल 1,26,144 गाड़ियों की आपूर्ति हो पाई। कम सप्लाई का कारण सिर्फ ओमीक्रोन नहीं था। बाजार में माइक्रोचिप की कमी है। माइक्रोचिप की कुल खपत का कारों में केवल 20 फीसदी इस्तेमाल होता है, पर ये जरूरी नैनो पुर्जे हैं। गुमान न था कि माइक्रोचिप की कमी का असर कारों या अन्य उत्पादों के निर्माण पर पड़ेगा। इन दिनों इसकी मांग आसमान छू रही है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के अलावा लगभग हर उत्पादन व कंट्रोल सिस्टम में चिप लग रहे हैं। हर बड़े देश की तरह भारत के औद्योगिक उत्पादन में भी सेमीकंडक्टर्स की भूमिका निर्णायक होने जा रही है।

भारत ने आउटसोर्सिंग व्यापार की नई व्यवस्था में सॉफ्टवेयर डिजाइन आदि करके अवसरों का भरपूर लाभ उठाया और सभी देशों में अग्रणी बना रहा। हमारे वैज्ञानिकों ने आईटी शोध व विकास में प्रगति बनाए रखी, सॉफ्टवेयर के हर आयाम में विशेषज्ञता हासिल की और विश्व में अच्छी-खासी साख बनाए रखी। दूसरी ओर, हार्डवेयर सेक्टर पर भारत के आईटी उद्योग और सरकार, दोनों ने ध्यान नहीं दिया। यह भूल थी। हम हार्डवेयर निर्माण क्षेत्र में पिछड़ गए।

भारत के सेमीकंडक्टर मिशन की स्थिति समझने के लिए सेमीकंडक्टर फेब्रिकेशन (फैब) के व्यापक अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को समझना होगा। गिने-चुने देश ही चिप का डिजाइन या निर्माण कर रहे हैं। 80 अरब डॉलर मूल्य की ताइवान सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं अनुबंध निर्माण कंपनी (टीएसएमसी) फिलहाल सिरमौर है, जो विश्व की आधुनिक चिप की मांग की 92 फीसदी की आपूर्ति करती है। अमेरिकी एप्पल, एनवीडिया, क्वालकॉम और चीनी अलीबाबा आदि के चिप्स इसी कंपनी से आते हैं। चीन सेमीकंडक्टर्स नैनो चिप खुद बनाता है और आयात भी करता है। मूर लॉ के अनुरूप एक तरफ तो हर दो साल में माइक्रोचिप्स का आकार महीन से महीनतर हो रहा है, तो दूसरी ओर उनकी कार्य क्षमता और उत्पादकता बढ़ रही है। फेब्रिकेशन में आधार धातु सिलिकॉन होता है, जिस पर एक विशेष प्रक्रिया से नक्काशी कर चिप, इंटीग्रेटेड सर्किट आदि बनाए जाते हैं। इस प्रक्रिया में भारी पूंजी के अलावा सिलिकॉन, अति शुद्ध जल व रसायन की अनवरत आपूर्ति चाहिए। यही समझते हुए दूरंदेशी देशों ने आवश्यक पदार्थों की आपूर्ति का दीर्घकालीन जुगाड़ कर रखा है।

जाहिर है, आधुनिक चिप निर्माण की तकनीक अत्यंत जटिल है। फेब्रिकेशन प्लांट में पूरी प्रक्रिया परमाणु स्तर पर होती है। विशिष्ट रूप से निर्मित सिलिकॉन वरक, रसायन और उपकरण आदि जुटाने होते हैं। फिर शक्तिशाली कैमरे से ट्रैक करते हुए 50,000 प्रति सेकंड गति से अति महीन टीन वरक पर लेजर से ट्रांजिस्टर की नक्काशी की जाती है। यह काम एक एक्स्ट्रा अल्ट्रावॉयलेट शिलामुद्रण (लिथोग्राफी) मशीन करती है, जिसको दुनिया की केवल एक (डच) कंपनी बनाती है।


बेहतरीन डिजाइन क्षमता होते हुए भी भारत माइक्रोचिप आयात करता है, जिसमें पिछले वर्ष लगभग 30 अरब डॉलर खर्च हुआ। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर चिप के महत्व एवं भारी मांग को देखते इसके फेब्रिकेशन के लिए दिसंबर 2021 में कई निर्णय लिए। उद्योग के सर्वांगीण विकास के लिए इंडियन सेमीकंडक्टर्स मिशन (आईएसएम) गठित किया गया, जिसे 10 अरब डॉलर की धनराशि आवंटित की गई। एक चिप फाउंड्री डिजाइन व निर्माण में 10 से 20 अरब डॉलर का भारी पूंजी निवेश होता है, जिसके लिए 50 प्रतिशत ग्रांट सरकार देगी। कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स, सिलिकॉन फोटोनिक्स और सेंसर बनाने वाली कंपनी को पूंजीगत व्यय का 30 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। साथ में, आईसी डिजाइन, चिपसेट्स सिस्टम और आईपी कोर कारखानों को पांच साल तक नेट बिक्री का चार से छह प्रतिशत अंशदान दिया जाएगा। देश की 100 कंपनियों व स्टार्टअप से डिजाइन लिंक प्रोत्साहन (डीएलआई) हेतु प्रस्ताव मांगे गए थे। भारत सरकार के प्रयास एवं विश्वसनीयता के चलते कई बड़ी कंपनियों ने लगभग 20.5 अरब डॉलर निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।

आज के दिन चिप्स तेल की तरह है, जिसके बिना अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल सकती, बल्कि चिप के बिना गुजारा ही मुश्किल है। इतिहास गवाह है कि भारत ने कई अवसरों पर नई टेक्नोलॉजी न मिलने पर सफल स्वदेशी तकनीक विकसित की है। इसलिए सरकार ने जो अब पहल की है, वह भले ही देर से उठाई गई है, लेकिन सुखद है। भारत सेमीकंडक्टर चिप फेब्रिकेशन में शीघ्र आत्मनिर्भर बन भविष्य के सुनहरे अध्याय की आधारशिला रखेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





क्यूं छोटी-छोटी बातों को दिल पर लेते हो? अपनी गरिमा तो देखो सबको माफ कर दोना।


-अंजली जैन
7024460938





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### स्वस्थ तन-स्वस्थ मन स्वास्थ्य योजनान्तर्गत डिग्रीधारी चिकित्सकों से 4 जून तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जिले में संचालित छात्रावास/आश्रमों में वर्ष 2022-23 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन-स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा)योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी एम.बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस. एवं बी.एच.एम.एस.डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रम)के लिए 4 जून 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि निजी प्रेक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास/आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपये प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपये प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास/आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 23 को

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 23 मई को अपरान्ह 3 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति में भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर के 5 पंचायत प्रतिनिधि को सदस्य नियुक्त किया गया है। इनमें ग्राम पंचायत धौराभांठा के सरपंच नोमेश वर्मा, ग्राम कौड़ीकसा के सरपंच योगेन्द्र कोडाके, ग्राम पंडरिया सरपंच ज्योति जंघेल, ग्राम मुसराकला के सरपंच कमल निर्मलकर एवं ग्राम पंचायत गोटाटोला के सरपंच शांता बाई कलामे को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## जवानों के हौसलों से बस्तर अंचल में आया सुखद परिवर्तन: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य शासन की नीतियों, सुरक्षा बल के जवानों के आम जनता के साथ मित्रवत व्यवहार और जवानों के हौसले से बस्तर अंचल के निवासियों का मनोबल बढ़ा है और आप उनका विश्वास जीतने में सफल हुए हैं। आपकी मेहनत से बस्तर में यह सुखद परिवर्तन देखने को मिल रहा है।



मुख्यमंत्री आज भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना परिसर में सुरक्षा बल के जवानों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बल के जवानों से बड़ी आत्मीयता से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने जवानों के आग्रह पर उनके साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सड़क, पुल पुलियों के निर्माण, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाडी, राशन दुकानों के संचालन से अब परिस्थितियां बदल गईं हैं। समाज सुरक्षित महसूस कर रहा है यह केवल बस्तर की ही उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी उपलब्धि है। यह आप सभी की मेहनत का ही नतीजा है। मैं आप सभी को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने थाना परिसर में सुरक्षा बल के जवानों के साथ दोपहर का भोजन किया।

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बल के जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तीन सालों में लोगों में डर का भाव खत्म हुआ। अब सुदूर वनांचल में डॉक्टर जाकर इलाज कर रहे हैं, शिक्षा के लिए मार्ग प्रशस्त हुए हैं, बंद स्कूल फिर शुरू हुए हैं। आपके मित्रवत व्यवहार के कारण वनांचल में अनुकूल परिवर्तन हुए हैं। पहले कैंप का विरोध हुआ करता था अब बीजापुर में 9 और सुकमा में 8 कैम्प संचालित किए जा रहे हैं वह भी हार्ड कोर एरिया में। अब कैंप के पास सोलर लाइट की व्यवस्था है, स्कूल, पीडीएस आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। यह सब आप सभी की इच्छा शक्ति का ही परिणाम है।

उन्होंने बताया कि कल शाम सुकमा में भेंट मुलाकात के दौरान आदिवासी समाज एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई। इस दौरान व्यापारी संघ के प्रतिनिधि ने बताया कि इस सरकार के आने के बाद अब हम जिले से बाहर रिश्तेदारी कर पा रहे हैं, नहीं तो नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण न कोई बेटी देने तैयार था और ना ही बेटी लेने। अब यह स्थिति नहीं है। भोजन पर मुख्यमंत्री के साथ बैठे उप निरीक्षक श्री धरम सिंह तुलावी ने बताया कि वे मोहला-मानपुर के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री द्वारा नक्सल समस्या की जानकारी पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि शासन की विकास आधरित नीतियों, सड़क निर्माण, पुल पुलियों के निर्माण, अस्पताल, स्कूल आंगनबाडी के निर्माण से अब परिस्थितियां बदल गईं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने साथ भोजन कर रही डीआरजी की महिला आरक्षक सुश्री शोभा कोर्राम से बीजापुर में नक्सली गतिविधियों एवं हाल के दिनों में आये परिवर्तन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवापल्ली थाना परिसर में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ दोपहर का भोजन किया। उन्होंने बताया कि सुकमा में कल सहायक आरक्षक के परिवारों से मुलाकात हुई फोटो सेशन भी हुए। दुर्गा फाइटर बेटियां से भी मिलना हुआ, उनका जोश देखते ही बनता है। आप के साथ भोजन करना सुखद अनुभव है। आज यहां हमारे साथ मंत्रालय के अधिकारीगण भी उपस्थित हैं।

जिन्हें कभी छुट्टियां नहीं मिलती। अब से कुछ साल पहले तक कोई व्यक्ति बीजापुर तक आने की नहीं सोचता था। फोर्स के जवान भी हेलीकॉप्टर से आना-जाना करते थे।

## बोर्ड परीक्षा में दुर्ग जिले को गौरन्वित करने वाली छात्रा माधुरी सारथी को जन समर्पण सेवा संस्था ने किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। देश में आगे बढ़ रही है बेटियां, इस बात को सत्य कर दिखाया दुर्ग जिले की बेटी कु. माधुरी सारथी ने, उसके जज्बे एवं पढ़ाई के प्रति लग्न को देखकर जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग जोकि विगत कई वर्षों से बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ एवं मानव सेवा का कार्य कर रही है।



संस्था ने आज छत्तीसगढ़ 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेशभर में 8वां एवं जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली कु. माधुरी सारथी को आप सभी के सहयोग एवं योगदान से प्रोत्साहन राशि का चेक एवं उसके उपयोग के लिए घड़ी, कॉपी, पेन सैट, बैग एवं अन्य सामग्री उपहार स्वरूप दी। छत्तीसगढ़ 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहद गरीबी एवं दुर्लभ परिस्थितियों में भी पढ़कर प्रदेशभर में 8वां एवं जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली जिले की होनहार बेटी कु. माधुरी सारथी ने आज यह साबित कर दिया कि हौसले के आगे सब कमजोर है। पढ़ाई के प्रति कु. माधुरी की लग्न, मेहनत एवं गरीबी में भी हार नही मानना इस हौशले को देखकर जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग के युवाओं ने कु. माधुरी सारथी के घर जाकर उसे प्रोत्साहन राशि का चेक एवं जरूरत की सामग्री उपहार स्वरूप दी, साथ ही साथ आगे की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कमी आने पर उसे उचित सहयोग देने का वादा किया। कु. माधुरी सारथी, शासकीय विद्यालय, तकियापारा दुर्ग की छात्रा है, माधुरी के पिता रिक्शा चालक एवं उसकी मां मजदूरी का कार्य करती है..

## मातृ शिशु चिकित्सालय तक चलेगी सिटी बस, ऑटो का किराया भी होगा तय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** 17 मई से केजीएच में चल रहे स्त्री व शिशु रोग विभाग को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय (एमसीएच) में शिफ्ट कर संचालन शुरू कर दिया गया है। यहां मरीजों के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर भीम सिंह ने एमसीएच अस्पताल तक सिटी बसों का परिचालन शुरू करने के निर्देश नगर निगम कमिश्नर को दिए।

इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल तक ऑटो से परिवहन का किराया भी निर्धारित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में संस्थागत प्रसव के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिन अस्पतालों में फर्स्ट रेफरल यूनिट के तहत महिला चिकित्सकों की पोस्टिंग की गयी है उन्हें अनिवार्य रूप से मुख्यालय में रहते हुए अपनी ड्यूटी करनी है, जिससे वहां डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को प्रसव में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न अस्पतालों में पोस्टेड आरएमए तथा एएनएम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिन अस्पतालों में मानव संसाधन की आवश्यकता है वहां अतिरिक्त मैन पॉवर वाली जगहों से स्टॉफ मोबिलाइज करने के निर्देश दिए। कम संख्या में मरीजों के इलाज करने वाले डॉक्टरों से उन्होंने कारणों को जाना तथा उन्हें नियमित रूप से अस्पताल में उपलब्ध रहकर मरीजों के इलाज करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने बीजापुर में सी-मार्ट का किया लोकार्पण

### मुख्यमंत्री बने पहले ग्राहक खरीदा बांस से निर्मित सोफासेट

### स्थानीय उत्पादों को देख मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों की महिलाओ की प्रशंसा

### एक ही छत के नीचे राशन सहित विभिन्न स्थानीय उत्पाद बाजार से किफायती दरों पर होगी उपलब्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेश व्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बीजापुर जिला मुख्यालय में 47 लाख 96 हजार रूपए के लागत से नवनिर्मित सी-मार्ट का लोकापर्ण किया।

सी-मार्ट (छत्तीसगढ़-मार्ट) के नाम से संचालित सुपर मार्केट में स्थानीय उत्पाद के अलावा दैनिक उपयोगी वस्तुओं का विक्रय बाजार से कम दामों में उपलब्ध होगा। इस मौके पर प्रभारी मंत्री एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सी-मार्ट में रखे गए महुआ टी, महुआ लड्डू, महुआ चिक्की बार, तिखूरशेक ईमली कैण्डी, ईमली चटनी, लेमन तुलसी टी, सहित ब्लैक राईस, रागी माल्ट, रागी पाउडर, सहित विभिन्न प्रकार के स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं का अवलोकन करते हुए समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया एवं ऐसे उत्पादों की बढ़ावा देने कहा जिसका बाजार में मांग ज्यादा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए सी-मार्ट मील का पत्थर साबित होगा, उत्पादन से लेकर मार्केटिंग की क्षेत्र में महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। जिले में संचालित महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा विभिन्न स्थानीय उत्पाद तैयार किये जाते हैं, पहले बाजार के अभाव में स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार का अभाव जिससे उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। अब स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सामग्री आसानी से सी-मार्ट के माध्यम से किफ़ायती दर पर उपलब्ध हो सकेगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालय में राज्य के लघु, कुटीर उद्योगों, स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए सुपर मार्केट की तर्ज पर सी-मार्ट प्रारंभ किए जा रहे हैं। सी-मार्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ के लघु, कुटीर उद्योगों और परंपरागत शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुंभकारों के साथ महिला समूहों, गौठान में निर्मित सामग्री के साथ-साथ वन विभाग के उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर बढ़ेंगे।

## औषधीय गुणों से भरपूर है आपकी रसोई का अजवाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। हमारी रसोई में मसालों के साथ मौजूद रहने वाला अजवाइन अनेक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें एंटी-ऑक्सिडेंट्स होते हैं जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाता है एवं श्वसन क्रिया को मजबूत करता है। साथ ही यह पाचन क्रिया में भी लाभदायक होता है व अपच को दूर करता है।

अजवाइन, काला नमक और सोंठ को पीसकर चूर्ण बनाकर भोजन के बाद सेवन करने से पेट में अशुद्ध वायु का बनना और ऊपर चढ़ना बंद होता है। गर्भकाल में अजवाइन के सेवन से न सिर्फ खून साफहोता है, बल्कि इससे शरीर में रक्त का प्रवाह भी बेहतर होता है। औषधीय गुणों से भरपूर अजवाइन पाचक, रूचि कारक, तीक्ष्ण, अग्नि प्रदीप्त करने वाली, पित्तकारक तथा शूल, वात, कफ उदर आनाह, प्लीहा एवं कृमि का नाश करने वाली होती है।शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, रायपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि अजवाइन की ताजा पत्ती में प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व और विटामिन के साथ एंटी-बैक्टीरियल भी होता है। इसकी पत्तियां विटामिन सी, विटामिन-ए, आयरन, मैंगनीज और कैल्शियम युक्त ओमेगा-3 फैटी एसिड का अच्छा स्रोत है। अजवाइन वात और कफ दोष का नाश करता है। इसलिए नजला और सांस लेने में परेशानी होने पर इसकी भाप लेने से आराम मिलता है। पेट दर्द में गरम पानी के साथ इसका सेवन करने और इसका लेप लगाने से भी लाभ मिलता है।डॉ. शुक्ला ने बताया कि घरेलू औषधि से लेकर मसालों और आयुर्वेदिक दवाओं तक में अजवाइन का इस्तेमाल होता है। मासिक धर्म के दौरान पीड़ा होने पर 15 से 30 दिनों तक खाना खाने के बाद गुनगुने पानी के साथ अजवाइन के सेवन से दर्द में राहत मिलती है।

अजवाइन तेल की कुछ बूंदें गुनगुने पानी में मिलाकर कुल्ला करने से मसूड़ों के सूजन में आराम मिलता है। चोट लगने पर अजवाइन और हल्दी बांधने से सूजन और दर्द में आराम आता है। पेट का दर्द, दांत का दर्द, वात व्याधि, कृमि रोग, चर्म रोग, रजो दोष में भी अजवाइन लाभकारी होता है। अजवाइन का औषधि के रूप में प्रयोग किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ के परामर्श और मार्गदर्शन में ही करना चाहिए।

### वार्डवासियों को सड़क की समस्या नहीं होगी, विधयाक व महापौर ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

## विकास कार्यो में कोई कसर नही छोड़ी जाएगी, इसके लिए हम निरन्तर काम कर रहे है - अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमान्तर्गत वार्ड क्रमांक 57 उरला के निवासियों को बारिश के दिनों में चलने व्यवस्थिति, डामरीकरण सड़क के लिए आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरेज बाकलीवाल ने शुक्रवार को डामरीकरण संधारण कार्य वार्ड 57 पटेल चौक से लेकर सतनामी पारा मुर्रा भाठा से संगम चौक तक लागत 16.27 लाख रुपए से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गायस।

विधायक व महापौर ने विकास कार्यों का भूमिपूजन कर उन्होंने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। कार्यक्रम सभापति राजेश यादव,गया जी पटेल, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,संजय कोहले, एनआईसी व वार्ड पार्षद सुश्री जमुना साहू, मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद बृजलाल पटेल,बिजेंद्र भारद्वाज, व एल्डरमैन श्रीमती रत्ना नारमदेव,अजय गुप्ता,देव सिन्हा, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा,विकास दमाहे उपस्थित थे। विधायक अरुण वोरा ने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व समय सीमा में कार्य को पूरा करने कहा। उन्होंने भूमिपूजन के दौरान भारी धूप में पेड़ की छांव मे चौपाल लगाकर नागरिको की समस्याओं को सुना,त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और कहा की यदि आपके वार्ड में और भी कोई विकास कार्य कराने की जरूरत है, तो बताएं, आपकी मांग व जरूरत के अनुसार ही विकास कार्य होंगे।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा आप सबकी समस्याओं का निराकरण व 60 वार्डो व बस्तियों का पूर्ण रूप से विकास करना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में लगातार नए विकास कार्य शुरू हो रहे हैं ओर किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफर्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### प्रयास के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में लहराया परचम

**रायपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालयों को बच्चों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा में प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों और अनुसूचित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने कोरोना संक्रमण काल के कारण शिक्षा बाधित रहने के बावजूद 96 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 87 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, वहीं 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उपलब्धि हासिल की हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सचिव डीडी सिंह और आयुक्त शम्मी आबिदी ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र कुणाल ग्वाल ने सर्वाधिक 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य के सभी प्रयास विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विशेष उल्लेखनीय है कि छात्र कुणाल ग्वाल ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किए हैं।

गौरतलब है कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन होता है। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश करने के लिए सक्षम बनाना है। इन विद्यालयों से अब तक 97 विद्यार्थी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, 261 विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं 44 विद्यार्थियों में राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा सी.ए., सी.एम.ए में 29 और क्लेट में 3 विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने में सफ्ल रहे हैं। साथ ही राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में अब तक 833 विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने में सफल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के रायपुर में 02, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, जशपुर और जगदलपुर में एक-एक इस तरह प्रकार कुल 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है।

### प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार के लिए व्यक्तियों एवं संगठन का नाम प्रस्तावित कर सकते हैं राज्यपाल

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार-2023 के लिए अर्हता प्राप्त व्यक्तियों/संगठनों के नाम प्रस्तावित करने के संबंध में पत्र प्रेषित कर सूचित किया है। पत्र में लेख है कि प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। राष्ट्रपति प्रति वर्ष 30 विशिष्ट प्रवासी भारतीयों/संगठनों को यह पुरस्कार प्रदान करते हैं। यह पुरस्कार अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के निवासी या उनके संगठन भारत के अन्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों को बनाने की दिशा में कार्य करने, भारत में सामाजिक एवं मानवता के कार्य करने एवं दानशीलता एवं परोपकार के कार्य करने इत्यादि के लिए दिया जाता है। उक्त सम्मान के लिए व्यक्ति व संगठन का नाम प्रस्तावित करने की अंतिम तिथि 31 मई 2022 है।

### नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, इस तारीख तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे स्टूडेंट्स

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित हो गया है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जून और एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा तीन जुलाई को होगी।

इन परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसले को अमल में लाते हुए इस बार इन परीक्षाओं के लिए प्रदेश के मूल निवासी परीक्षार्थियों से किसी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले राज्य के मूल निवासी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा फीस पटाने से छूट मिलेगी।

## भेंट-मुलाकात अभियान

# बदल रहा है बस्तर, लोगों के जीवन में आ रहा है सुखद परिवर्तनः भूपेश बघेल

### भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आम जनता से मिले फीडबैक पर मुख्यमंत्री ने कहा

### आवापल्ली के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आवापल्ली पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां इमली के पेड़ की छांव में ताड़ के पत्तों से बने और आम की पत्तियों के तोरण से सजे पंडाल में आम जनता से सीधे रूबरू होकर राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और लोगों को योजनाओं से मिल रहे फायदों के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात में आम जनता से मिले फीडबैक पर कहा कि मुझे खुशी है कि आज बस्तर, सुकमा, बीजापुर बदल रहा है। शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में सुखद परिवर्तन आ रहा है।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021-22 की पहली किश्त का भुगतान पूर्व प्रधानमंत्री भारत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 21 मई को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का इकलौता राज्य है, जहां खरीफ फसलों के उत्पादक किसानों को इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। तेन्दूपत्ता का भी प्रति मानक बोरा 4000 रूपए मिल रहा है। धान और तेन्दूपत्ता का इतना मूल्य किसी राज्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब कोदो-कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर भी खरीदी कर रही है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि किसानों, वनवासियों, आदिवासियों और ग्रामीणों की आय बढ़े और उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान आवापल्ली की गायत्री स्व सहायता समूह की रश्मि पोट्टम से गौठान समिति के कामकाज के बारे में पूछा। पोटट्म ने बताया कि उनके समूह 12 सदस्य द्वारा लगभग 441 क्विन्टल वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार किया। इसमें से 12 हजार किलो गोबर बेचकर 24 हज़ार रुपए की आमदनी हुई है, जिसे वे अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए जमा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि समूह के सदस्यों को वर्मी कंपोस्ट की बिक्री से लगभग 1 लाख 40 हज़ार की आमदनी हुई । लाभ की राशि समहू के सदस्यों में 10 हज़ार प्रति व्यक्ति के मान से बांट दिया गया। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि वर्मी कम्पोस्ट बनाने के साथ गौठान में तेल पिराई की मशीन लगाएं टोरा, नीम ,चरोटा का तेल निकालें। उन्होंने कहा कि अब सरकार गोबर के साथ गौ मूत्र की भी खरीदी करेगी, उससे भी पैसा मिलेगा। जिससे लोग मवेशियों को घर में बांधकर रखेंगे और खुली फसल चराई से मुक्ति मिलेगी। गौमूत्र का उपयोग दवाई एवं बीजामृत जैसे औषधियों के निर्माण में किया जाएगा। इस पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

भेंट मुलाकात अभियान में भोपालपट्टनम से आये किसान अफजल खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार बनने के बाद ऋण माफी का लाभ मिला है। ऋण के बोझ से परेशान होकर मैंने आत्महत्या के बारे में सोचा था। रुंधे गले अफजल ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब ऋण माफी के कारण वे दूसरी फसल ले पा रहे हैं। कार्यक्रम में उसुर ब्लॉक से आये सरपंच भीमा कट्टम ने मुख्यमंत्री बघेल को आवापल्ली से उसुर तक जर्जर सड़क की समस्या से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके गांव में एक बारामासी झरना है, जिसका उपयोग खेतो की सिंचाई में लेना चाहते हैं। इस उद्देश्य से उन्होंने एक सिंचाई तालाब के निर्माण की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री के द्वारा पूछे जाने पर बताया कि इस तालाब से लगभग 2 हजार एकड़ में सिंचाई होगी और 800 से 900 किसान लाभांवित होंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि उद्योग मंत्री कवासी लखमा के विधानसभा क्षेत्र में बिना बिजली की लिफ्ट इरीगेशन का कार्य हो रहा है। जिससे वहां के किसान गर्मी में मक्का, मूंग की फसल ले रहे हैं और लाभन्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप के क्षेत्र में भी स्टाप डैम बनाकर लिफ्ट इरिगेशन शुरू की जाएगी। सरपंच कट्टम ने बताया कि उसूर ब्लॉक में 9 पंचायत हैं, जिनमे से 5 पंचायतों के स्कूल अन्यत्र विस्थापित हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री से बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उसुर में भी स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की मांग की।

### सीतापुर, चटलापल्ली, पाकेला, धर्मावरम, तर्रेम सहित 14 गांवों में पहुंचेगी बिजली

मुख्यमंत्री ने इस दौरान आम जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने आवापल्ली, पामेड़ और बासागुड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन, पालागुड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संकन पल्ली में उप स्वास्थ्य केन्द्र की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सीतापुर, चटलापल्ली, पेगड़ापल्ली, हीरापुर (बुच्चीपारा) पुसगुड़ी, पाकेला, धर्मावरम, चिड़पल्ली, गुंजेपरती, पुजारीकांकेर, मलमपेटां, छुटवाही, कोडांपल्ली एवं तर्रेम आदि कुल 14 गांवों में बिजली पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आवापल्ली में नया रेस्ट हाउस निर्माण, आवापल्ली हाईस्कूल से आवापल्ली गांधी चौक तक नाली निर्माण, हाईस्कूल मुरकीनार का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन, माध्यमिक शाला मोदकपाल के हाईस्कूल में उन्नयन, पामेड़, मोदकपाल में नवीन धान खरीदी केंद्र शुरू करने, माध्यमिक शाला मुरदंडा हेतु स्वयं के भवन निर्माण और आवापल्ली में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की हर घोषणा का ताली बाजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद दीपक बैज, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

# रीता मंडावी के हौसले को सलाम

### नक्सलियों से बेखौफः बखूबी निभा रही सरपंच की जिम्मेदारी

### भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री ने दी 5 लाख रूपए की मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** धुर नक्सली क्षेत्र की एक सामान्य सी दिखने वाली महिला रीता मंडावी के हौसल को लोग सलाम कर रहे हैं। नक्सली हिंसा में पति को खोने के बाद भी वे न केवल अपने परिवार को संभाल रही है बल्कि वह एक सरपंच की भूमिका भी मजबूती से निभा रही है। मुरिया जनजाति से तालुक रखने वाली रीता मंडावी सरपंच का मानदेय भी गांव के लोगों के लिए खर्च कर देती हैं। पति के जाने के बाद रीता को बस एक ही बात की चिंता थी कि उसके बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी लेकिन अब मुख्यमंत्री से मिली मदद से रीता की ये चिंता भी दूर हो गई है जिससे वो पहले से भी ज्यादा मजबूत हो गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कुटरू क्षेत्र के अपने प्रवास के दौरान नक्सली हिंसा की पीड़ित रीता मंडावी को 5 लाख रूपए कि आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री के हाथों सहायता राशि मिलने के बाद रीता मंडावी का कहना है कि वो इन पैसों को अपने बच्चों की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए खर्च करेगी और अपने जीवन को पहले की तरह ही समाज सेवा और लोगों को जागरूक करने में समर्पित करेगी।

बीजापुर जिले के अड्डावली गांव में रीता मंडावी का हंसता खेलता परिवार था। आदिवासी समाज को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उनके पति घनश्याम मंडावी हमेशा सजग रहते थे। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने हमेशा लोगों को प्रेरित करते थे। बस यही बात नक्सलियों को खट गई। एक दिन उनकी नक्सलियों ने हत्या कर दी।

नक्सलियों को लगा कि ऐसा करके वो गांव, समाज और घनश्याम के परिवार की हिम्मत को तोड़ देंगे. लेकिन नक्सलियों को शायद ये पता नहीं था कि मॉं, पत्नी और सरपंच तीनों की भूमिका निभा रही रीता मंडावी के हौंसले कहीं ज्यादा बड़े हैं। पति की मौत के बाद डरने की बजाए रीता ज्यादा मजबूती से खड़ी हुई। रीता अपने 4 साल के बेटे और 2 साल की बेटी के साथ उसी कार्य में लगी रहीं जो वो अपने स्वर्गीय पति के साथ करती थीं, लोगों को जागरूक करना और शासन की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाना।

# कर्ज माफी ने मौत के मुंह से लौटाया

### रुंधे गले से किसान ने मुख्यमंत्री को सुनाई अपनी दास्तान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अपनी योजनाओं का फीड-बैक लेने राज्य के दौरे पर निकले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभाओं में आम लोगों की तरह-तरह की कहानियां सामने आ रही हैं। इनमें कुछ कहानियां ओठों पर मुस्कुराहट ला देती हैं, तो कुछ आंखें नम कर देने वाली भी होती हैं। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के सुदूर कस्बे आवापल्ली में आए एक किसान ने जब अपनी विवशता की कहानी सुनाई तो एक बार के लिए हर कोई सन्न रह गया। उस किसान ने रुंधे गले से कहा एक समय था जब मैं कर्ज के कारण आत्महत्या करने की सोच रहा था, लेकिन आपने कर्ज-मुक्त कर मुझे उबार लिया।

आवापल्ली की भेंट-मुलाकात सभा में शामिल होने के लिए भोपालपट्टनम से आए अफजल खान मुख्यमंत्री बघेल को आपबीती सुना रहे थे। वे कह रहे थे - कर्ज से मुक्ति मिलने के बाद आज मैं दूसरी फसल ले पा रहा हूं, अन्यथा मैंने आत्महत्या के बारे में सोच लिया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल के पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें करीब 8 लाख 36 हजार रुपए की ऋण माफी का लाभ मिला है। अफजल खान का कहना था कि यदि पास ही बहने वाली तालपेरू नदी पर बांध बना दिया जाए तो उनके जैसे और भी बहुत से किसानों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

साढ़े तीन साल पहले जब छत्तीसगढ़ में नयी सरकार बनी थी तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों से किए दो बड़े वादे दो घंटे के भीतर पूरे किए थे। इनमें से एक था 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदी और दूसरा था पुराने कर्ज से पूर्ण मुक्ति। सरकार के ये दोनों कदम छत्तीसगढ़ में खेती किसानी को नया जीवन देने वाले साबित हुए। तब लगभग 19 लाख किसानों के 9 हजार 270 करोड़ रुपए का ऋण माफ किया गया था। हालांकि इसके तत्काल बाद केंद्र सरकार ने धान खरीदी पर बोनस देने पर आपत्ति की, और छत्तीसगढ़ में किसानों को फसलों पर इनपुट सब्सिडी देने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत हुई। इस योजना में पिछले दो खरीफ सत्रों में राज्य के करीब 21 लाख किसानों को अब तक 11,180 करोड़ रुपए की आदान सहायता दी जा चुकी है। अब तीसरे खरीफ सत्र के लगभग 07 हजार करोड़ रुपए की पहली किश्त 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जारी करने की घोषणा की गई है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# पृथ्वीराजः मानुषी छिल्लर ने फिल्म के लिए क्लासिकल डांस, घुड़सवारी तीरंदाजी और तलवारबाजी सीखी



अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'पृथ्वीराज' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म बेखौफ-शक्तिशाली राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित है। अक्षय फिल्म में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने भारत की रक्षा के लिए गोर के बेरहम आक्रमणकारी शासक मुहम्मद से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी थी। वहीं मानुषी फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता की भूमिका निभा रही हैं।

मानुषी बताती हैं कि पृथ्वीराज की तैयारियों के दौरान उनका लंबा और बेहद व्यस्त प्रिपरेशन शेड्यूल रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी क्लासिकल डांसिंग स्किल्स को निखारने के साथ ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी भी सीखी है।

### उिल्म ने मुझे अपनी डांसिंग स्किल्स निखारने में की मदद

मानुषी कहती हैं, मेरा प्रिपरेशन शेड्यूल लंबा और इंटेंस रहा। आदि सर और मेरे निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश चाहते थे कि अपना पहला शॉट भी देने से पहले मैं उसकी तैयारी करूं और जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मैं इस बात की शुक्रगुजार हूं कि मैंने कड़ी मेहनत की। मैं एक प्रशिक्षित क्लासिकल डांसर हूं और इस फिल्म ने मुझे अपनी डांसिंग स्किल्स को निखारने में मदद की, क्योंकि फिल्म में मेरे ऊपर तीन गाने हैं। मानुषी ने आगे बताया, मुझे कोरियोग्राफी करना था, खासकर हद कर दे गाने में। यह एक खूबसूरत होली सॉन्ग है और इसके लिए मुझे परफेक्ट होने की जरूरत थी। और इस फैक्ट को दर्शकों को दिखाना भी था कि मैं अच्छा डांस कर सकती हूं। उम्मीद करती हूं कि मैं लोगों को यह दिखाने में कामयाब रही हूं कि मैं एक हार्ड-वर्किंग एक्टर हूं जो अपनी पहली फिल्म से परफेक्शन की तलाश कर रही है।

### मुझे अभी लंबा सफर तय करना है और बहुत कुछ सीखना है

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अभी मीलों लंबा सफर तय करना है और सीखने के लिए बहुत कुछ है। लेकिन मेरी निगाहें पुरस्कारों पर हैं। मुझे तीरंदाजी और घुड़सवारी जैसे कुछ दिलचस्प स्किल सेट्स भी सीखने थे। मुझे यह स्वीकार करना होगा कि इन्हें सीखने में मुझे बहुत मजा आया। बचपन में मैंने घुड़सवारी सीखी है। क्योंकि मेरे पिताजी मुझे और मेरे भाई-बहनों को घुड़सवारी कराने के लिए ले जाया करते थे। इसलिए मुझे इसके बेसिक्स पता थे, लेकिन मुझे कभी घोड़े को सरपट नहीं दौड़ाना पड़ा।

मानुषी ने आगे बताया, फिल्म में मेरा घुड़सवारी का सीक्वेंस है, लेकिन मैं अक्षय सर के पीछे बैठी हूं। उस सीक्वेंस को करना दिलचस्प था। मैं आर्ट की स्टूडेंट हूं। मेरे लिए फिल्म के सेट पर हर दिन खास था, क्योंकि मैं बहुत कुछ सीख सकती थी और अगले दिन रिटर्न कर सकती थी।

# गुरुवार को महेश बाबू की फिल्म ने किया सबसे ज्यादा कारोबार, यश से आगे निकले रणवीर



बॉक्स ऑफिस के लिहाज से गुरुवार का दिन कुछ खास नहीं रहा। सिनेमाघरों में इन दिनों दर्शकों का मनोरंजन करने वाली पंजाबी, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों ने कुल मिलाकर 6.3 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया है। हालांकि, आश्चर्यजनक बात यह है कि गुरुवार को रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार', महेश बाबू अभिनीत 'सरकारु वारी पाटा' और एमी विर्क स्टारर 'सौंकन सौंकने' ने यश की फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' को पीछे छोड़ दिया है।

### जयेशभाई जोरदार

भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ब्रांड कहलाने वाले रणवीर सिंह इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप चल रहे हैं। अभिनेता की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म पहले हफ्ते में सिर्फ 17.84 करोड़ रुपये की ही कमाई कर पाई है। यदि डे वाइज कलेक्शन की बात करें तो दिव्यांग ठक्कर के निर्देशन में बनी फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' ने गुरुवार को तकरीबन 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

### केजीएफ चैप्टर-2

कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है। कई रिकॉर्ड्स तोड़ने के बाद अब 'केजीएफः चैप्टर 2' के हिंदी संस्करण ने 'बाहुबली 2' से ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। एस एस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2' ने 35 दिनों तक लगातार बॉक्स ऑफिस पर एक करोड़ से ऊपर की कमाई करने के बाद 36वें दिन 70 लाख रुपये का कारोबार किया था। वहीं प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 35 दिनों तक एक करोड़ कमाने के बाद अब 36वें दिन करीब 90 लाख रुपये की कमाई की है।

### सरकारु वारी पाटा

'केजीएफ2' के अलावा इन दिनों सिनेमाघरों में एक और साउथ फिल्म दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। यश की ही तरह साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। तेलुगू में फिल्म बनी फिल्म 'सरकारु वारी पाटा' ने अब तक 126.12 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। यदि डे वाइज कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अपने आठवें दिन 3.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।


### सौंकन सौंकने

बॉलीवुड मसाला और साउथ की सुपरहिट फिल्मों के बारे में बात करने के बाद अब हम पंजाबी फिल्म 'सौंकन सौंकन' की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट लेकर आए हैं। एमी विर्क और सरगुन मेहता की पंजाबी फिल्म 'सौंकन सौंकने' ने अपने सातवें दिन 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 16.43 करोड़ रुपये के पार चला गया है।

### धाकड़ बनाम भूल भुलैया 2

शुक्रवार को सिनेमाघरों में दो फिल्में - 'धाकड़' और 'भूल भुलैया 2' रिलीज हो गई हैं। कंगना रणौत और कार्तिक आर्यन की फिल्मों के प्रमोशन को ध्यान में रखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों फिल्में मिलकर 15 करोड़ रुपये का कारोबार करेंगी।

# नौकर से लेकर जुड़वा भाई बनने तक, जूनियर एनटीआर ने इन किरदारों के जरिए जीता दर्शकों का दिल



एन टी रामा राव जूनियर भारतीय सिनेमा का बड़ा नाम हैं। इन्हें जूनियर एनटीआर के नाम से भी जाना जाता है। जूनियर एनटीआर साउथ फिल्मों से सुपरस्टार हैं। हाल ही में आई अभिनेता की फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर और राम चरण की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया है। अभिनेता ने साउथ में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। इनकी फिल्मों में रोमांस, एक्शन और ड्रामा देखने को मिलता है। अभिनेता 20 मई को अपना 39वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर हम आपके लिए लेकर आए हैं अभिनेता की टॉप फिल्मों के बेस्ट किरदार-

### नन्नाकू प्रेमाथो

नन्नाकू प्रेमाथो एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर ने एक व्यापारी के बुद्धिमान बेटे की भूमिका निभाई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ रकुल प्रीत सिंह, जगपति बाबू और राजेन्द्र प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई है।

### जनता गैराज

इस फिल्म में जूनियर एनटीआर ने आनंद का किरदार निभाया है, जो प्रकृति से खिलवाड़ होते देख पर्यावरण को बचाने की राह पर निकल जाता है। जूनियर एनटीआर के अलावा इस फिल्म में मोहनलाल, समांथा और नित्या मेनन भी हैं। 2016 में ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म है।

### अधुर्स

इस फिल्म में जूनियर एनटीआर ने नरसिंहा और चारी नाम के दो जुड़वा भाइयों का किरदार निभाया था। आगे जाकर नरसिंहा एक अंडरकवर एजेंट बन जाता है जबकि चारी ब्राह्मण पंडितों के परिवार में पहुंच जाता है। आगे जाकर जब दोनों मिलते हैं तो उनकी जिंदगी बदल जाती है।

### राउडी बादशाह

ये फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता ने बादशाह की भूमिका निभाई है। एक्शन और ड्रामा से भरपूर इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ काजल अग्रवाल ने लीड रोल निभाया है।

### सिंहाद्री

इस फिल्म में जूनियर एनटीआर ने एक जमींदार के नौकर का किरदार निभाया है। जो अपने मालिक के लिए पूरी तरह वफादार होता है। राजामौली और एनटीरामा राव की ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी।

# आश्रम' के 'भोपा स्वामी' असल जिंदगी में हैं इतनी संपत्ति के मालिक, जानकर उड़ जाएंगे होश



बॉबी देओल अभिनीत 'आश्रम' जल्द ही एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होने वाली हैं। फैंस को इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस सीरीज के दोनों ही पार्ट ने जबरदस्त धमाल मचाया था। दर्शक बाबा निराला और उसके काले कारनामों को देखने का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस वेब सीरीज में बॉबी देओल के बाद जिस किरदार की सबसे ज्यादा तारीफहुई वह भोपा स्वामी था। आश्रम की वजह से यह किरदार काफी फेमस भी हो चुका है। अब जब आश्रम 3 रिलीज के लिए तैयार है तो हम आपके लिए भोपा स्वामी से जुड़ी कुछ जानकारी साझा करने जा रहे हैं।

### ओटीटी ने दिलाई असली पहचान

आश्रम में भोपा स्वामी का किरदार निभाने वाले एक्टर का असली नाम चंदन रॉय सान्याल है। वह लंबे समय से एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं। सबसे पहले उन्हें राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'रंग दे बसंती' में देखा गया था। इसके बाद वह शाहिद कपूर के साथ विशाल भारद्वाज की फिल्म 'कमीने' में भी नजर आए थे। हालांकि दोनों फिल्मों से उन्हें करियर में कोई मदद नहीं मिली। फिल्मों से खास पहचान न मिलने पर उन्होंने डिजिटल की तरफ रुख किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और आज वह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।

### मुंबई आने के लिए किया था ये काम

चंदन का जन्म एक बंगाली परिवार में हुआ था। हालांकि वह दिल्ली में पले-बढ़े। दिल्ली में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इस बात का जिक्र वह एक इंटरव्यू के दौरान भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया था कि वह मुंबई आना चाहते थे लेकिन उनके पास पैसे नहीं थे। इसलिए उन्होंने बच्चों को पढ़ाकर सात हजार रुपये जुटाए और मुंबई के लिए निकल पड़े।

### इतने करोड़ के हैं मालिक

साल 2001 में मुंबई आने का बाद उनका संघर्ष लगातार जारी रहा। वह 'काली सीजन 2', 'फॉरबिडन लव', 'रूल्स ऑफ द गेम' में नजर आ चुके हैं। हालांकि सबसे बड़ी सफलता उन्हें 'आश्रम' से ही मिली। इस सीरीज ने उनकी किस्मत के सितारे ही बदल गए। इस सीरीज के बाद उन्होंने अपनी फीस भी बढ़ा दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक चंदन लगभग 38 करोड़ रुपये के मालिक हैं। इसके अलावा उनका मुंबई में एक आलीशान फ्लैट भी है।

# ओटीटी पर जारी रहेगी 'झुंड' की स्ट्रीमिंग, सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अमिताभ बच्चन अभिनीत हिंदी फिल्म 'झुंड' की ओटीटी स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एल नागेश्वर राव, बीआर गवई और एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि 5 मई के आदेश पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म की स्ट्रीमिंग जारी रहेगी। साथ ही उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना हाई कोर्ट को हैदराबाद स्थित फिल्म निर्माता नंदी चिन्नी कुमार द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन पर गर्मी की छुट्टियों के तुरंत बाद विचार करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि नंदी ने फिल्म 'झुंड' पर कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाया था। इससे पहले पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें ओटीटी पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई थी। यह फिल्म जी5 पर रिलीज हुई थी। हाई कोर्ट ने 29 अप्रैल को फिल्म निर्माता नंदी चिन्नी कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए ओटीटी पर इसकी रिलीज के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था, साथ ही सुनवाई की अगली तारीख 9 जून तय की थी। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर नागराज पोपटराव मंजुले ने किया है। 4 मार्च 2022 को इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।

यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, सविता राज हिरेमठ, राज हिरेमठ, नागराज पोपटराव मंजुले, गार्गी कुलकर्णी, मीनू अरोड़ा और संदीप सिंह द्वारा निर्मित है। जी स्टूडियोज ने इसे वर्ल्ड की विश्वव्यापी रिलीज किया था। 'झुंड', एक बायोपिक है जो 'स्लम सॉकर' के संस्थापक विजय बरसे के जीवन पर आधारित है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़िया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को भी समितियों से ऋण की सुविधा

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में कृषि, सहकारिता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और उद्यानिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सेवा सहकारी समितियों में चैपाल व शिविर आयोजित कर जिले में धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र कुमार राठिया ने बताया कि आयोजित चैपाल के माध्यम से धान के बदले अन्य फसल जैसे मक्का, सोयाबीन, टमाटर, गन्ना, हल्दी, अदरक, पपीता, कपास, मशरूम, सब्जी आदि फसल लेने वाले किसानों को भी शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर समितियों से ऋण सुविधा आदि की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि चैपाल में कृषकों को ऋण वितरण, कुक्कुट पालन, समिति/बैंक स्तर के विभिन्न प्रकार के ऋण वितरण की तकनीकी ज्ञान एवं प्रक्रियात्मक आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर ऋण की समिति स्तर पर त्वरित निराकरण कर धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### जिला चिकित्सालय गरियाबंद में स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 24 को

**गरियाबंद।** जिला चिकित्सालय गरियाबंद में 24 मई को मेगा कैम्प का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत जिले में कार्यरत चिरायु दलों द्वारा विभिन्न कैटेगरी अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के चिन्हांकित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु आयुष्मान भारत में अनुबंधित निजी चिकित्सालय सुयश हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक (कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट) एवं जिला स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सक हड्डी रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय गरियाबंद में स्वास्थ्य सेवाएं दी जावेगी।

# गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लाए गति : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता आगे भी बनी रहनी चाहिए**

**जिले में गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेश में सर्वाधिक 758962 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई**



**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरे सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं बिक्री की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने संयुक्त रूप से गौठान अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुधन, रेशम, हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत जिले में 758962 क्विंटल प्रदेश में सर्वाधिक गोबर की खरीदी की गई है। वही 250071 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया है। अब तक जिले में 177580 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी को गोधन न्याय योजना के अच्छे क्रियान्वयन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और सभी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गोबर खरीदी के कार्य में गति लाएं। गौठान में पहले चरण में समूह की महिलाओं के लिए कार्य स्थल, मल्टीएक्टिविटी सेन्टर बनाएं गए और एक अधोसंरचना विकसित हुई।

जिसका सुखद परिणाम यह रहा कि अब अंजोरा गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा बनाया गया उत्पाद विदेश इटली भेजा जा रहा है। दूसरे चरण में गोबर खरीदी बढ़ाना है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा नए गौठानों में गोबर खरीदी एवं विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ करनी है। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता आगे भी इसी तरह बनी रहनी चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत की जा रही गोबर खरीदी की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे गौठान जहां गोबर खरीदी में असंतोषजनक प्रगति रही है, वहां सचिव एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौठान को सक्रिय रखे एवं वहां समूह की महिलाओं को तेलघानी, मसाला निर्माण, राईस मिल, सब्जी-बाड़ी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन एवं अन्य गतिविधियों से जोडने के कार्य में तेजी लाए। उन्होंने मत्स्य पालन के लिए ऐसे गौठान जहां डबरी नहीं है, वहां बायो क्लॉक कल्चर के माध्यम से मत्स्यपालन करने के लिए कहा।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि इस मौसम में समूह की महिलाओं से व्यापक पैमाने पर आम के आचार बनवाएं। यह आचार शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विक्रय किया जाएगा। उन्होंने खाद की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

**राज्य सरकार ने प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना हेतु त्रिपक्षीय समझौते पर किए हस्ताक्षर**

# बस्तर संभाग में दो लघु वनोपजों आधारित प्रसस्करण इकाईयां होंगीं स्थापित, उत्पादों का विदेश में किया जाएगा निर्यात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने कई योजनाएं लागू की गई है। इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होने के साथ ही उनके जीवनस्तर में भी बदलाव हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार अब 65 प्रकार की लघुवनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीददारी करने के साथ ही प्रसंस्करण इकाईयों का निर्माण कर रही है। ताकी वनोपजों का सही मूल्य संग्राहकों को मिलने के साथ ही, लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर मिले।



इसी पहल का आगे बढ़ाते हुए राज्य शासन की ओर से आज वनांचल पैकेज के अंतर्गत बस्तर संभाग में लघु वनोपज आधारित प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना हेतु दो त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए। पहला समझौता बस्तर बॉटनिक्स प्राइवेट लिमिटेड कुम्हार पारा, बस्तर के साथ कोण्डागांव जिले में महुआ प्रसंस्करण केन्द्र स्थापना के लिए किया गया तथा दूसरा समझौता मेसर्स कोसर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड, पुणे (महाराष्ट्र) के साथ बस्तर जिले में इमली प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना हेतु किया गया।

इस समझौता पत्रक में राज्य शासन की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के प्रभुख सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, तथा छ.ग राज्य लघु वनोपज संघ के विशेष प्रबंध संचालक श्री एस.एस. बजाज एवं बस्तर बॉटनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक श्री शुभांक चन्द्राकर तथा मेसर्स कोसर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड संचालक श्री कार्तिक कपूर द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

समझौते के तहत बस्तर बॉटनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 4 करोड़ रूपए की लागत से कोण्डागांव जिले में महुआ डिस्टिलेशन प्लांट स्थापित किया जायेगा, जिसकी क्षमता 600 किलोलीटर प्रतिवर्ष होगी। इस प्लांट के द्वारा तैयार अधिकांश उत्पाद को अन्य देशों में निर्यात किया जावेगा। इस प्लांट के लगने से बस्तर क्षेत्र में फूड ग्रेड महुआ का उपयोग होगा, जिससे उस क्षेत्र के संग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। इसके अलावा मेसर्स कोसर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जिला बस्तर के लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के ग्राम छिन्दगांव में 4 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से इमली प्रंसस्करण केन्द्र की स्थापना की जावेगी।

इस प्रसंस्करण केंद्र में इमली का पेस्ट, इमली बीज का पावडर तथा इमली ब्रिक्स तैयार किया जायेगा। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 4500 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की होगी। इस प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना से बस्तर इमली का प्रसंस्करण करते हुए तथा उसके बीज का भी उपयोग करते हुए तैयार उत्पादों को देश के बाहर विदेशों में भी विक्रय किया जायेगा। इन दोनों प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना से स्थानीय लोगों को जहां रोजगार प्राप्त होगा, वहीं इमली एवं महुआ के संग्राहकों को उनकी उपज का समुचित मूल्य मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अधिक से अधिक संख्या में लघु वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना के निर्देश दिए हैं। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के राज्य लघु वनोपज संघ के द्वारा लघु वनोपज प्रसंस्करण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बड़ी संख्या में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' नामक ब्राण्ड के तहत विभिन्न हर्बल उत्पादों का निर्माण कर रही है। इसके साथ ही संघ निजी निवेशकों को भी लघु वनोपज आधारित प्रसंस्करण इकाईयाँ की स्थापना कराने हेतु प्रयासरत हैं। इसके पूर्व भी कॉकेर जिले में कोदो, कुटकी एवं रागी के प्रसंस्करण हेतु निजी निवेशक के साथ समझौता पत्रक हस्ताक्षरित किया जा चुका है। ये समस्त औद्योगिक इकाईयां शीघ्र ही उत्पादन प्रारंभ करेंगी, जिससे प्रदेश में उत्पादित लघु वनोपज का प्रसंस्करण प्रदेश के भीतर ही किया जाना संभव हो सकेगा, जिसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ 13 लाख से अधिक तेंदूपत्ता एवं वनोपज संग्राहकों को मिलेगा।

# कोविशील्ड टेक्नोलॉजीस के बायोकॉन बायोलॉजिक्स में विलय को मंजूरी दी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बायोकॉन बायोलॉजीस की लगभग 15 प्रतिशत शेयरधारिता इक्वीटी के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस द्वारा अधिग्रहण के संदर्भ में कोविशील्ड टेक्नोलॉजीस के बायोकॉन बायोलॉजिक्स में विलय को मंजूरी दे दी है।

कोविशील्ड टेक्नोलॉजीस प्रा. लि. (सीटीपीएल) के विलय का प्रस्ताव है। यह कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस के स्वामित्व की सहायक कंपनी है। इसका विलय बायोकॉन बायोलॉजीस लि. (लक्ष्य) में होगा। इसके संदर्भ में विलय योजना के तहत अधिग्रहणकर्ता लक्ष्य कंपनी में लगभग 15 प्रतिशत इक्विटी शेयरधारिता प्राप्त करेगा।

अधिग्रहणकर्ता, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्रा. लि. की सहायक कंपनी है और उसे कोविड-19 की वैक्सीन और उपचार के लिये विकसित किया गया था। कंपनी की योजना है कि अन्य संक्रामक रोगों की भी वैक्सीनें विकसित की जायें। इस समय, अधिग्रहणकर्ता अपनी निर्माण इकाई लगाने की प्रक्रिया में है। सीटीपीएल, अधिग्रहणकर्ता कंपनी के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका विलय लक्ष्य कंपनी में होगा, जो प्रस्तावित लेन-देन पर आधारित है। उसे विपरण, वैक्सीनों दवाओं और अन्य फार्मा उत्पादों की बिक्री और वितरण के लिये निगमित किया गया था।

लक्ष्य कंपनी, बायोकॉन लि. की सहायक कंपनी है और मधुमेह, कैंसर उपचार, गुर्दा रोग उपचार तथा अन्य गंभीर रोगों के उपचार से सम्बंधित है। लक्ष्य कंपनी के बेंगलुरु और चेन्नई में अनुसंधान एवं विकास केंद्र भी हैं। वह बेंगलुरु और मलेशिया में मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज, रीकॉम्बेंटेंट प्रोटीन और इनसुलिन का निर्माण करती है।

# मंत्री अकबर के प्रयासों से जिंदा और झिरौनी समिति के लगभग 475 किसानों को मिली न्याय की नई राह

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से कबीरधाम जिले के झिरौनी और ग्राम जिंदा प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति के पंजीकृत लगभग 475 किसानों को न्याय की नई राह मिली है। इन दोनों समिति के किसानों को खरीफफसल वर्ष 2022-23 के लिए समिति से खेती-किसानी के लिए नगद तथा खाद-बीज मिलेगा।




साथ ही किसानों की लिमिट भी बढाई जाएगी। मंत्री श्री अकबर ने इन दोनों समिति में वर्ष 2016-17 से तत्कालिन समिति प्रबंधक द्वारा की गई अनियमितता की चल रही सघन जांच शीघ्र पूरा करने के लिए कहा, ताकि किसानों की समस्याओं का ठोस समाधान हो सके। उन्होने जिला स्तरीय टीम द्वारा जांच में की जा रही देरी के लिए भी कड़ी नाराजगी भी जाहिर की।

कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज अपने रायपुर स्थित शासकीय आवास से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से झिरौनी तथा जिंदा समिति के किसानों की समस्याओं के ठोस समाधान के लिए अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव सीईओ सुनील वर्मा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाए भूपेंद्र ठाकुर, जिला नोडल अधिकारी आरपी मिश्रा, बिरकोना जिला सहकारी बांच मैनेजर विजय चन्द्रवंशी और झिरौनी तथा जिंदा समिति प्रबंधक शामिल हुए। इन दोनों समिति के पंजीकृत किसान भी कवर्धा स्थित विधायक कार्यालय से सीधे जुड़े हुए थे। मंत्री श्री अकबर ने इन दोंनो समिति के लगभग 475 पंजीकृत किसानों के प्रतिनिधि मंडल एवं किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के रूबरू हुए।

उन्होने किसानों की सभी समस्याओं की बारिकी से सुनने के बाद जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों से भी इस मामले की पूरी जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर को किसानों ने चर्चा करते हुए बताया कि वर्ष 2018 से तत्कालिन समिति प्रबंधक द्वारा अनियमितता बरती गई हैं, जिसकी वजह से किसान आज भी बिरकोना जिला सहकारी बैक में कर्जदार बने हुए है, जबकि संबंधित समिति में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के ऋणदाता नहीं है। इसकी वजह से किसानों को खरीफ सीजन में खाद-बीज स्वीकृत संबंधित तकनीकि परेशानी हो रही है। कलेक्टर शर्मा ने इस मामले में अब तक संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाही की पूरी जानकारी दी। रविप्रकाश मिश्रा इस पूरे मामले के जांच अधिकारी है। जिला नोडल अधिकारी श्री रविप्रकाश मिश्रा ने बताया कि अब तक एक समिति के पूरी जांच हो गई है। बैंक के जिला सीईओ श्री सुनील वर्मा ने बताया कि संबंधित किसानों को तीन दिनों के भीतर खेती-किसानी के लिए ऋण एवं खाद-बीज की स्वीकृति दे दी जाएगी।

# समर कैम्प : खेल-खेल में बच्चे सीखे रहे विभिन्न गतिविधियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के निर्देशन और विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के मार्गदर्शन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से पुसौर विकासखंड के कुछ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। इस पूरे कार्यक्रम में उस शाला के शिक्षक साथियों का सहयोग बहुत ही सक्रिय रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, गर्मी के छुट्टी के दौरान बच्चों के साथ मिलकर खेल-खेल में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया निरंतरता बनाए रखना तथा मजेदार गतिविधि से सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना।

बाल-गीत, बाल-कविता, कहानी सुनना-सुनाना, बच्चों की कहानी, कहानी निर्माण, चलो देखे-लिखे-इस में बच्चों के साथ समूह मैं अवलोकन और अवलोकन आधारित बातचीत तथा लेखन मैं कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार ही गणित में मुख्य रूप से संख्या समझ को लेकर कार्य किया गया। मुखौटा, टोपी निर्माण, कागज के जहाज निर्माण, बजने वाले सामग्री का निर्माण, मिट्टी के खिलौने बनाने, इत्यादि खेलकूद-प्रतिदिन एक मजेदार खेल एक माध्यम से शिक्षण कराना है।

इस पहलू को ही ध्यान में रखा ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के पढने लिखने की प्रक्रिया की निरंतरता को बनाए रखने के उद्देश्य से सीखना सिखाना केंद्र की संकल्पना किया गया हैं। इस केंद्र मैं बच्चों के साथ लगातार जुड़ कर उनके सीखने की प्रक्रिया को यथावत जारी रखने के लिए तमाम अकादमिक कार्य किया जा रहे है। इन सभी कार्य में मुख्य तौर पर पढना-लिखना, शुरुआती संख्या ज्ञान पर कार्य किया जाएगा।

## राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 191.79 करोड़ से अधिक लगे टीके

**नई दिल्ली ।** भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 191.79 करोड़ (1,91,79,96,905) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,40,71,663 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.22 करोड़ (3,22,66,284) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है।


































## खास-खबर

### चाकू मारकर लूट लिया मोबाइल: शादी से लौट रहे थे 2 युवक, 3 युवकों ने रोका और हमला कर दिया

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में शादी से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तीन बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया। फिर चाकू मार कर मोबाइल और बाइक की चाबी लूट कर भाग निकले। पुलिस ने युवकों की शिकायत पर केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। सेमरताल निवासी मुकेश खरे (35) पेशे से किसान हैं। मंगलवार रात 9.30 बजे वह अपने दोस्त संजय सूर्यवंशी के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए मस्तूरी क्षेत्र के लिमतरा गया था। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों तड़के करीब 3.30 बजे वापस सेमरताल लौट रहे थे। दोनों अभी सेंदरी-मोपका मार्ग में रमतला के पास पहुंचे थे, तभी उनकी बाइक के सामने बाइक तीन युवक आ गए। बदमाशों ने बाइक अड़ा कर उन्हें धमकी देना शुरू कर दिया और चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने मोबाइल और बाइक की चाबी लूट कर भाग गए। इसके बाद दोनों बाइक को लेकर पैदल ही किसी तरह गांव पहुंचे। फिर दो दिन तक उपचार कराने के बाद बुधवार को कोनी थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने बदमाशों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाइक सवार बदमाशों ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

### 6 लोगों को ठोकर मार दुकान में घुस गई कार

**राजनांदगांव ( ए )।** छुईखदान के मुख्य बाजार में सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार के चालक ने छह लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया है। बाजार से आने-जाने वाले लोगों को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर प्याऊ घर के पास एक दुकान में घुस गई है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। इस कारण ड्राइवर गाड़ी पर काबू नहीं पा सका और यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही छुईखदान पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार की टक्कर से घायल सभी लोगों को छुईखदान के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत सामान्य बताई गई है। नगर के मुख्य चौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने ही हुए इस घटना को लेकर लोग सकते में आ गए थे। पुलिस भी कार चालक पर नशे में होने की संभावना जता रही है। मामले की जांच की जा रही है।

नवा रायपुर में सड़क किनारे मिला पत्रकार का शव

# दूर खड़ी थी कार, पुलिस ने कहा भारी वाहन ने मारी टक्कर

**रायपुर (ए)।** नवा रायपुर इलाके में हुए सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक एक भारी वाहन की टक्कर की वजह से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। राखी थाने की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। हादसा नवा रायपुर के निमोरा गांव के पास हुआ है।



पुलिस के मुताबिक सड़क पार कर रहे युवक को किसी ट्रक ने टक्कर मारी होगी। युवक की वैगनआर कार सड़क की दूसरी तरफ खड़ी हुई थी। हादसे में मारे गए युवक का नाम युवराज शुक्ला बताया गया है। पुलिस को युवक के पास से एक प्रेस का आईडी कार्ड मिला है। पुलिस के मुताबिक मरने वाला युवक एक स्थानीय समाचार एजेंसी में पत्रकार था। अब पुलिस परिजनों का पता लगा रही है। बताया जा रहा है कि युवक नवा रायपुर के ही इलाके में रहने वाला था। ये घटना देर रात होने की आशंका है। युवक का शव सड़क के किनारे पड़ा था, गुरुवार की सुबह राखी थाने को कुछ राहगीरों ने उसकी खबर दी। तब मौके पर पुलिस पहुंची।

### मर्डर का हल्ला

युवराज शुक्ला की मौत के बाद अब इसकी हत्या किए जाने की भी चर्चा है। हालांकि हत्या के कोई पुख्ता सबूत पुलिस को नहीं मिले हैं। मगर युवक के पत्रकार होने की वजह से इस तरह से मौत को हत्या के एंगल से जोड़कर देखा जा रहा है । कुछ लोगों का दावा है कि आसपास के इलाकों में मूरुम की खदानें हैं हो सकता है कि किसी खनिज माफिया ने युवराज की हत्या करवाई हो। हालांकि इस तरह की शिकायत पुलिस के पास नहीं पहुंची है।

## बाइकर्स ने लंगर खा रहे लोगों को कुचला 20 मीटर दूर तक घिसटते गए चालक की मौत

**भिलाई।** टाउनशिप क्षेत्र में बीती देर रात बाइकर्स गैंग ने लंगर में खिचड़ी खा रही दो महिलाओं सहित तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। यह सड़क हादसा इतना भयावह था कि बाइक की टक्कर दो महिलाएं हवा में उछलकर दूर जा गिरीं। इसमें एक महिला का हाथ और एक का पैर टूट गया। वहीं बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते बाइकर्स गैंग वहां से गायब हो गया। सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सुपेला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सेक्टर 5 में 7 मिलियन चौक से ठीक पहले सेक्टर 6 बीएसपी स्कूल के पास ये सड़क दुर्घटना हुई है। देर रात 9 बजे के करीब जब यह हादसा हुआ तब सेक्टर 6 में सेंट्रल एवेन्यू से लगे मंदिर में खिचड़ी का भोग बंट रहा था। वहां पर खिचड़ी लेने वाले भक्तों की भीड़ लगी थी। इस दौरान सेक्टर 9 से पावर हाउस की तरफ बाइकर्स का एक गैंग निकला। इन सभी की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा के ऊपर थी। इस गैंग का एक युवक रफ्तार से आया और अपना संतुलन खो बैठा।

वह इतनी स्पीड में था कि दो महिलाओं और एक पुरुष को टक्कर मारा। टक्कर इतनी तेज थी दोनों महिलाएं हवा में उछलकर दूर जा गिरीं और उनके हाथ पैर टूट गए। वहीं युवक बेसुध होकर गिर गया। बाइक चालक युवक बाइक के साथ ही काफी दूर तक सड़क में घिसटता हुआ चला गया। उसको इतनी गहरी चोटें आई और इतना खून बह गया उसने वहीं पर दम तोड़ दिया, जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह बाइकर गैंग दुर्ग के गौरी का है।

## बस की टक्कर से 2 की मौत: स्कूटी से 3 लोग जा रहे थे कोंडागांव, युवती की हालत गंभीर

**कोंडागांव ( ए )।** रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी में सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी की स्कूटी में सवार तीनों लोग काफी दूर जा गिरे। मामला फरसगांव थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबक, गोडमा के रहने वाला युवक संतु नेतान (30), मंगतू नेताम (25) और एक युवती तीनों स्कूटी में सवार होकर कोंडागांव जा रहे थे। इस बीच नेशनल हाईवे पर ही जुगानी पुल के पास एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मंगतू नेताम की मौत हो गई। जबकि, संतु नेताम और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

जिसके बाद आस-पास में मौजूद लोगों ने 108 बुलाया। दोनों घायलों को उपचार के लिए कोडागांव जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान दूसरे युवक संतु की भी मौत हो गई। युवती का इलाज अस्पताल में जारी है। इस मामले के बाद पुलिस ने बस चालक को पकड़ लिया है। जिसके खिलाफ थाने में अपराध भी दर्ज कर लिया गया है।

## सुंदरनगर में मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी उड़ा ले गए चोर, स्थानीय रहवासियों में आक्रोश

**रायपुर ( ए )।** डीडीनगर इलाके के सुंदरनगर में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चार दिन पहले मैत्रीनगर हनुमान मंदिर के बाद बुधवार रात सुंदरनगर कालोनी स्थित हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चोर दानपेटी को उखाड़ कर ले गए।





दोनो ही मंदिरों के दानपेटी में हजारों रुपए थे। भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता एवं सुंदरनगर वार्ड के भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि इलाके में लगातार चोरी की घटना से रहवासी दहशत में है। दुबे ने शहर में चोरी,डकैती की बढ़ती वारदात के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

राजधानी में सक्रिय चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर केवल दान पेटी को निशाना बनाया है।मंदिर पुजारी के अनुसार हनुमान जयंती के बाद अब तक दानपेटी को खोला नही गया था। शहर के हर थाना क्षेत्र में रोज चोरी, डकैती, लूट, चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी है। अब तक मंदिरों के ताले टूट रहे थे लेकिन अब दानपेटी लूटा जा रहा है। पार्षद दुबे ने 48 घंटे के भीतर हनुमान मंदिर में हुई चोरी के आरोपितों के नहीं पकड़े जाने पर क्षेत्र के नागरिकों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### रात्रि गश्त पर उठे सवाल

शहर में लगातार चोरी की घटना होने से पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे है। रहवासियों ने इलाके में प्रभावी गश्त न होने के कारण रात में जगह-जगह आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से अपराध बढ़ रहे है।

# हादसे का हाईवे: मालवाहक ने साइकिल पर जा रहे चार मजदूरों को मारी टक्कर, एक की मौत

**राजनांदगांव ( ए )।** हाईवे में रफ्तार ने एक बार फिर एक युवक की जान ले ली। नागपुर से राजनांदगांव की दिशा में आ रहे तेज रफ्तार मालवाहक ने साइकिल सवार चार मजदूरों को ठोकर मार दी। हादसे में चारों मजदूरों को गंभीर चोटें आई थी, जिसमें एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं तीन की स्थिति गंभीर है।

इधर हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने वाहन चालक को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में जब पुलिस ने ठोकर मारने वाले वाहन की पहचान की और जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। हादसा गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे की है।

ग्राम किरगी में रहने वाले परमेश्वर निषाद (18), टूपेश पटेल (28), संजय साहू (26) और बांकल निवासी मोहित खरे (36) अपनी साइकिल से मजदूरी के काम के लिए राजनांदगांव आ रहे थे, तभी उन्हें नागपुर की दिशा से आ रहे मालवाहक चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे घायल हो गए। मालवाहक का चालक रफ्तार और बढ़ाते हुए भाग निकला। हाईवे पर तीन दिन पहले ही तेज रफ्तार कंटेनर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं मृतक की बुआ गंभीर रूप से घायल हुई थी।



### आसपास के लोगों ने दी एंबुलेंस व पुलिस को सूचना

हाईवे में मौजूद रहे आसपास के लोगों ने तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी। इसके बाद सभी घायलों को संजीवनी एंबुलेंस के माध्यम मे मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान परमेश्वर निषाद ने दम तोड़ दिया। वहीं मोहित, टूपेश और संजय के हाथ पैर टूट जाने की जानकारी डॉक्टर ने दी है। जिनका इलाज जारी है। घायलों को अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई है।

### तीन बहनों का एक भाई था परमेश्वर निषाद

ग्रामीणों ने बताया कि हादसे में मृत परमेश्वर निषाद तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसने हाल ही में बारहवीं की परीक्षा भी पास की थी। परीक्षा के बाद से ही वह गर्मी की छुट्टी के दौरान टाइल्स कारीगर के साथ काम पर जा रहा था। कॉलेज खुलने तक उसने काम पर जाने की बात कही थी, लेकिन इस हादसे में गांव के होनहार युवक की जान चली गई। हादसे में परमेश्वर की मौत की खबर सुनते ही परिजन भी स्तब्ध है।

### ग्रामीण कार्रवाई पर अड़े शाम में अंतिम संस्कार

हादसे की सूचना मिलते ही किरगी और बांकल से ग्रामीण मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पहुंच गए। इलाके के जनप्रतिनिधि और नेता भी हास्पिटल पहुंचे। पूर्व जिपं सदस्य विभा साहू, जिपं सदस्य महेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी हास्पिटल पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने आरोपी वाहन चालक को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद शाम में परमेश्वर का अंतिम संस्कार गांव में किया गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 12.05.2022

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**द्वितीय आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर **दिनांक 26.05.2022** तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र. / सि. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 27/99764 | जिला- कबीरधाम के बोड़ला बाहर के मध्य एन.एच. 30 ए के दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 142.77 |
| 28/99765 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत संजारी बालोद के जेल में 50-50 बंदी क्षमता वाली अतिरिक्त बैरक निर्माण कार्य । | 53.78 |

टीप -
1. एनआईटी.क्रं 27 लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग से संबंधित है एवं एनआईटी.क्रं 28 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-91257/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पेयजल लाईन व सिवरेज लाईन के रखरखाव हेतु बैकलेन सफाई कार्य को दिया जा रहा है अंजाम

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भिलाई टाउनषिप में उपलब्ध पेयजल एवं सिवरेज से संबंधित अधोसंरचना के रखरखाव के लिए बैकलेन सफाई का कार्य प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्तमान में बैकलेन सफाई का यह कार्य प्रगति पर है। अभी तक सेक्टर-1 में 33, सेक्टर-2 में 27, सेक्टर-3 में 20, सेक्टर-5 में 19, सेक्टर-8 में 32, सेक्टर-9 में 24, सेक्टर-10 में 10, सेक्टर-7 में 48, सेक्टर-4 में 03 बैक लेन के सफाई कार्य को अंजाम दिया जा चुका है तथा विभिन्न सेक्टरों में बचे हुए बैकलेनों की सफाई का कार्य भी प्रगति पर है और संपूर्ण कार्य को शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। इन स्थानों के अलावा बाकी बचे हुए एरिया की भी सफाई की व्यवस्था भी प्रक्रियाधीन है जिसे ही शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि कार्य के दौरान बहुत सी समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या रहवासियों द्वारा बैक लेन में अनाधिकृत रूप से पेयजल एवं सिवरेज प्रणाली के ऊपर स्थाई/अस्थाई निर्माण कार्य कर लिया गया है जिसके कारण सफाई का कार्य करने में बाधा उत्पन्न होती है और कार्य को मषीन के बजाय मजदूरों से कराना पड़ता है जिसमें समय बहुत लगता है साथ ही साथ पेयजल प्रणाली एवं सिवरेज प्रणाली के रखरखाव को करने में विभाग को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### निदान 40: स्वास्थ्य विभाग प्रभारी ने कराया विवाह पंजीयन

# नेत्रहीन ने लगाई गुहार, गृहमंत्री की मौजूदगी में बना आधार कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृह एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू गुरूवार को नेवई में आयोजित निदान-40 शिविर पहुंचे। शिविर में नेत्रहीन रामकुमार यादव की समस्या का निदान मंत्री की उपस्थिति में किया गया। कई वर्षो के प्रयास के बाद भी दस्तावेज के अभाव में आधार कार्ड नहीं बन रहा था। चैथे दिन 246 लोगों ने समस्याओं को लेकर शिविर स्थल पहुंचे थे। जिसमें से 69 आवेदनों का निराकरण किया गया।**



क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री शिविर अवलोकन के लिए उस समय पहुंचे जब वार्ड 33 नेवई बस्ती निवासी नेत्रहीन रामकुमार यादव आधार कार्ड बनाने गुहार लगा रहा था।

दरअसल आधार कार्ड बनाने आवश्यक दस्तावेज नहीं होने की वजह से भटकाव की स्थिति थी। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन बिना देरी किए निगम कर्मचारी को पहले रामकुमार यादव का मतदाता परिचय पत्र लाने दुर्ग रवाना किया और अन्य दस्तावेज हितग्राही के परिवार से संकलन कर आधार कार्ड के लिए फोटोग्राफी कराया।

इसी तरह एक अन्य महिला को भी शिविर में मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध कराया गया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य परमेश्वर, गोविन्द चतुर्वेद, चन्द्रभान ठाकुर, अनूप डे, ईश्वरी साहू, सोनिया देवांगन, पार्षद डोमन लाल बारले, जाहीर अब्बास, जमुना ठाकुर, विनय नेताम आदि उपस्थित थे।

#### मंत्री ने दिया प्रमाण पत्र

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने गुरूवार को शिविर में स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी को विवाह प्रमाण पत्र सौपा। एमआईसी सद्स्य का विवाह हाल ही में हुआ है। विवाह पश्चात उन्होंने पंजीयन करने व प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। श्री साहू ने शिविर स्थल में वार्ड 34 के विमल साव को गुमास्ता लायसेंस, दिवंगत पूनाराम ठाकुर का मृत्यू प्रमाण पत्र के अलावा थनवारी बाई व धन्नू यादव को गरीबी रेखा प्रमाण पत्र प्रदान किया।

#### अस्पताल को मिला पावर पंप

उपस्वास्थ्य केन्द्र नेवई के हेमलता निर्मलकर के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निगम के अधिकारियों ने तत्काल पावर पंप दिलाया। जिला स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने शिकायत की थी कि ठेकेदार ने पावर पंप को पड़ोस में रहने वाले विजय सिंह के घर में रख दिया है। बोर में पावर पंप नहीं होने से पानी की समस्या है। जनसमस्या निवारण शिविर निदान-40 शुक्रवार को वार्ड 17 स्थित शिवपारा स्टेशन मरोदा स्थित शा. स्कूल भवन में लगाया जाएगा। शिविर में बीआरपी कालोनी, शिवपारा स्टेशन मरोदा और एचएससीएल कालोनी वार्ड के नागरिक शासन की योजना का लाभ लेने और निगम से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए आवेदन दे सकते है।

# शिविर में निपटे पेंशन आवेदन, बुजुर्गों ने ली राहत की सांस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत आज गुरुवार को वार्ड 17,18 और 19 के शांति नगर स्थित शीतला मंदिर परिसर में जन समस्या समाधान शिविर में आयोजन किया गया.विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,निगमायुक्त हरेश मंडावी एवं एसडीएम विनय पोयाम ने शिविर में उपस्थित होकर आवेदनों पत्रों का लिया जायजा एवं शिविर में उपस्थित आवेदकों से उनकी मांग और शिकायतों को सुना और मौजूद विभागीय अधिकारियों को तत्काल उनकी समस्यों को निराकरण करने के लिए कहा।एसडीएम ने शिविर में उपस्थित आवेदकों से कहा की पट्टे से सम्बंधित प्राप्त आवेदनों पर परीक्षा उपरांत त्वरित निराकरण किया रहा है। जनसमस्या समधान शिविर में जिसमें वार्ड 17,18 और 19 के नागरिकों की मूलभूत समस्या जैसे पानी, बिजली, सफाई,राशन कार्ड, पेंशन, नामान्तरण,आबादी पट्टा सहित अन्य समस्याओं हेतु लगाया गया. जिसमें नागरिको की समस्या का त्वरित निराकरण किया गया.आज शिविर में कुल 262 आवेदन मांग एवं शिकायत के प्राप्त हुए, जिनमें से 10 आवेदनों का शिविर में ही त्वरित निराकरण किया गया. पट्टे से सम्बंधित 190 आवेदनों को सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किया गया एवं शेष बचे आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश आयुक्त श्री मंडावी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।इस मौके पर एमआईसी सदस्य दीपक साहू,संजय कोहले,हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया,वार्ड पार्षद देवनारायण चंद्राकर,श्रीमती निर्मला साहू,राजकुमार नारायणी,काशीराम रात्रे, एल्डरमेन अजय गुप्ता,हेमा साहू सहित अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्तित थे।

# लोक कला महोत्सव 2022 का रंगारंग आगाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सौजन्य से ग्राम चेटुआ में 14 मई, 2022 को नवोदित स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को आगे लाने, लोक कलाकारों को मंच देने एवं ग्रामीणों में लोक कला के प्रति जागरूकता लाने ग्रामीण लोक कला महोत्सव 2022 का रंगारंग आगाज किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में आयोजित इस ग्रामीण लोकोत्सव में 6 कला दलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस आयोजन में 6 दलों ने भाग लिया। जिनमें शामिल है देवार कर्मा-रंग छत्तीसा लोक कला मंच, प्रस्तुति-पूनम तिवारी (अंतरराष्ट्रीय कलाकार) राजनांदगाँव, पण्डवानी-हंस वाहिनी पण्डवानी दल, प्रस्तुति-रूही साहू (नवोदित कलाकार) भिलाई, लोकनृत्य-रिंगि चिंगी डंडा एवं रामधुनी पार्टी, प्रस्तुति-द्वारिका प्रसाद साहू (राज्य स्तरीय कलाकार), मेडेसरा, गम्मत नाचा-राग अनुराग कला मंच, प्रस्तुति-हेमलाल कौशल (छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार), दुर्ग, लोक गीत एवं नृत्य-स्वर धारा लोक कला समिति, प्रस्तुति सुकृत साहू (राज्य स्तरीय लोकप्रिय कलाकार), अहिवारा, जस झांकी-जय बाबा रुखड़नाथ शीतला सेवा झांकी परिवार (राज्य स्तरीय कलाकार) जेवरा सिरसा एवं नारधा, दुर्ग।

इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ कलाकार पूनम तिवारी ने देवार कर्मा की प्रस्तुति के साथ स्वर्गीय जी पी रजक को श्रद्धांजलि देते हुए गीत 'चोला माटी के है राम' की प्रस्तुति देकर लोगों के दिलो को बांधे रखा। तीन बेजोड कलाकारों हेमलाल कौशल, नविन देशमुख, नरेश यादव की प्रस्तुति ने रातभर दर्षकों का मनोरंजन किया।

### भिलाई में अंतिम संस्कार के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया, भाजपा पार्षद दया सिंह ने जताया विरोध

# आयुक्त प्रकाश सर्वे को दिया ज्ञापन, कहा-तत्काल बंद करें ये व्यवस्था

- अगर प्रक्रिया रद्द नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन
- मृतक के परिजनों को करना पड़ेगा परेशानियों का सामना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई की एक व्यवस्था पर भाजपा पार्षद दया सिंह ने सवाल उठाया है। दया सिंह का कहना है कि, नगर निगम भिलाई अब अंतिम संस्कार के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया करने वाला है। इससे हजारों मजदूर वर्ग, रिक्शा ठेला चलाने वाले और छोटे वर्ग के लोगों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस ऑन लाईन के चक्कर में अंतिम संस्कार से पहले मृतक के परिजनों ऑन लाईन के साथ फीस भी जमा करना पड़ रहा है जिससे आम जन मानस को काफी परेशान है।

दया सिंह ने बताया कि, पूर्व में किसी के परिवार में निधन होने के बाद पार्षद ही मुक्तिधाम में फोन करके सूचना दे देते थे। जब तक अंतिम यात्रा मुक्तिधाम पहुंचती, तब तक अंतिम संस्कार को पूरी तैयार कर ली जाती थी।

जाने के बाद 101/- रूपये जमा कर रसीद ले लेते थे और बडी ही सुविधा जनक तरीके से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया वर्षो से चली आ रही थी। उसी नियम को पुनः लागू किया जाए। जिससे आम जनता को कोई परेशानी ना हो। दया सिंह ने कहा है कि, इसे तत्काल रद्द किया जाए और अंतिम संस्कार के लिए ऑनलाईन आवेदन बंद पुराने नियम को पुनः लागू किया जाए।

# आश्रम में चल रहा सात दिवशीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर उज्वल भविष्य निर्माण शिविर का हो रहा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। बाल संस्कार विभाग, श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग व नंदनी के तत्वाधान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व आत्मिक विकास हेतु सात दिवशीय 18 से 24 मई तक अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । अनुष्ठान शिविर का शुभारंभ आश्रम के वरिष्ठ सेवाधार श्री मोहन बरते द्वारा गया ।**



शिविर के शुभारंभ पर विद्यार्थियों की भीड़ देखकर बच्चो के पालक लोग काफी गदगद हो गयी व उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए ऐसे शिविर का आयोजन अति आवश्यक हो गया है युवा पीढ़ी हमारी वैदिक संस्कृति को भूलती जा रही है जिससे निरासा, असंतोष, चिड़चिड़ापन इत्यादि बढ़ रहे है ऐसे ने यह शिविर विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी और निश्चित ही विद्यार्थियों का भविष्य उज्वल होगा ,बाल संस्कार विभाग के प्रभारी रघुवंशी बहन ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकास पर बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतू यह शिविर लगायी गयी है। जिसमे योग-प्राणायम, जप, यज्ञ, बुद्धिशक्ति बढ़ाने के प्रयोग, खेल-कूद, वक्तव्य स्पर्धा, भजन प्रतियोगिता इत्यादि ज्ञानवर्धक बाते बताई व सिखाई जा रही है । यह सात दिवशीय शिविर का आयोजन शहर के दो जगहों पर किया जा रहा है ।

बच्चीयों के लिए संत श्री आशारामजी आश्रम बेलौदी दुर्ग व बच्चों के लिए नंदनी नगर स्थित संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम सत्संग भवन में सम्पन्न हो रहा है । इस शिविर में 200 से ज्यादा विद्यार्थी लाभ उठा रहे है ।श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष श्री चंदू चंद्राकर व कोषाध्यक्ष शिवकुमार चापले ने बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा से पूरे भारत भर के समितियों व बाल संस्कार के सेवाधारियों द्वारा बच्चों के उत्थान हेतु ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमे लाखो विद्यार्थी का जीवन तेजश्वी, ओजश्वी हो रहा है व माता-पिता का आदर सत्कार कर रहे है । इसी अवसर पर भिलाई व नंदनी में भी बच्चों के उन्नति के लिए ऐसे शिविर का आयोजन कर रहे है । जिसमे बच्चे काफी उत्साहित होकर लाभ उठा रहे है ।इस आयोजन में भिलाई,पावर हाउस, बोरसी,दुर्ग, खुर्शीपार, भिलाई 3,रिसाली,सेक्टर एरिया, क्षेत्र के विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर का लाभ उठा रहे है ।

### जन समस्या निवारण शिविर में 11 आवेदनों का त्वरित हुआ निराकरण

# विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए किया आवेदन, आधे घंटे में लग गई लाइट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जन समस्या निवारण शिविर में आर.के. दुबे एवं परमेश्वर चंद्राकर ने विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए शिविर में आवेदन किया। आधे घंटे के भीतर विद्युत पोल में लाइट लगा दी गई और आवेदक के आवेदन की समस्या का निराकरण कर दिया गया।**



लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जहां लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे निगम क्षेत्र के जन समस्या निवारण शिविर के स्थलों का निरीक्षण भी कर रहे है। महापौर ने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी ऐसी समस्याएं जो त्वरित निराकरण योग्य है उसे प्राथमिकता लेकर शीघ्र निराकरण करे। पानी, बिजली और सफाई से संबंधित समस्या हो या राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, पट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों पर बिना कोई देरी किए निराकरण करें। शिविर से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण करने प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग स्वयं आयुक्त कर रहे है। आज नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन में आयोजित शिविर में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से साफ सफाई, बिजली और राशनकार्ड से संबंधित 11 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया।

वार्डों में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर का वार्ड के पार्षद भी निरीक्षण करते हुए शिविर में आने वाले नागरिकों के समस्या का निराकरण स्वंय मौके पर उपस्थित होकर उनका सहयोग भी कर रहे है। 11 अप्रेल से आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में 119 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

शुक्रवार को इन केंद्रों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर दिनांक 20 मई 2022 को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 08 कृष्णा नगर पुराना वार्ड कार्यालय कृष्णानगर, जोन 02 अंतर्गत वार्ड क्रं. 23 घॉसीदास नगर दुर्गा मंच, जोन 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 36 श्याम नगर महामाया मंदिर परिसार श्याम नगर, जोन 04 अंतर्गत वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर उड़िया भवन में जन समस्या निवारण शिविर लगेगा, जहां अपनी समस्याओं को लेकर आम नागरिक आवेदन दे सकेंगे और समाधान पा सकेंगे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950